

बेटी आराध्या के साथ गणपति बप्पा के दर्शन करने पहुंचीं ऐश्वर्या राय

https://epaper.shubhamsandesh.net

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, मंगलवार 02 सितंबर 2025 | भद्रपद शुक्ल पक्ष दशमी, संवत 2082 | रांची एवं पटना से प्रकाशित | वर्ष : 3, अंक : 146 | मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12




## नीरज सिंह हत्याकांड : कोर्ट ने फैसले में लिखा कि

# आईओ ने कहानी गढ़ी, जो दिमाग में आया, केस डायरी में लिख दिया

### जजमेंट की कॉपी से बिना किसी काटछांट के सीधे आप तक

**धनबाद के सबसे चर्चित नीरज सिंह हत्याकांड में कोर्ट ने वारदात के आरोपियों को बरी कर दिया है. इस फैसले के लिए कोर्ट ने 590 पन्नों की जजमेंट में साफ तौर पर अभियोजन और आइओ पर कई गंभीर टिप्पणी भी की है. इस हत्याकांड में अभियोजन की हार वाकई चौंकाने वाली है. अदालत के फैसले की कॉपी से सीधे बिना किसी काटछांट के पेश है रिपोर्ट**

यह एक स्वीकृत तथ्य है, जिसकी सबूतों से विधिवत पुष्टि होती है, कि नीरज सिंह को 21.03.2017 को शाम 7:30 बजे वाहन से बाहर निकाला गया था, और तब गवाह आदित्य उस समय पहुंचा, तो इसका मतलब है कि वह 18 मिनट के बाद घटना स्थल पर पहुंचा जब सूचना पहले से ही पुलिस स्टेशन में दर्ज थी। सबूत का यह टुकड़ा अपने आप में व्याख्यात्मक है कि वह घटना को नहीं देख सका. पैरा 7 में आगे कहा है कि घटना के समय आदित्य राज के कपड़ों पर कोई खून नहीं देखा गया था. यह भी एक असंभव तथ्य है, जिसे उन्होंने शपथ पर अदालत के समक्ष कहा था. यह भी एक आर्च्यजनक तथ्य है कि, एक स्वतंत्र गवह होने के नाते, वह सरायढेला पीएस में जाना पसंद नहीं करता था. इसके बजाय, वह रघुकुल गया, जहां उसका बयान आईओ निरंजन तिवारी ने दो अन्य गवाहों के साथ सूचक के घर पर दर्ज किया, जो इस गवाह की सत्यता पर आदिय राज की उपस्शिति स्थापित नहीं कर सका, बल्कि, वह गिरिडीह में था, जैसा कि टॉवर स्थान और अन्य सबूतों द्वारा स्थापित किया गया था. इसके अलावा, आदित्य राज ने दावा किया कि अशोक यादव ने वाहन में सब्जियां रखी, लेकिन एसएफएसएल विशेषज्ञ के बयान में सब्जियों का कोई जिक्र नहीं है. उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने अपने सेल फोन 98351... को कॉल किया। हालांकि, सीडीआर के अनुसार, कॉल 19.10 बजे की गई थी जो आदित्य राज के घटना के समय मौजूद के दावे का खंडन करता है.

आदित्य राज के पूरे बयान को अस्वीकार्य के रूप में खारिज कर दिया जा सकता है क्योंकि उचित संदेह से परे साबित नहीं किया जा



सका है.

आदित्य ने दावा किया कि उन्हें बंदूक की गोली लगी है. डाक्टर ने पैरा 7 में कहा कि, आदित्य राज सचेत थे और बयान देने में सक्ष्म थे. अगर उसकी हालत अच्छी थी तो संदेह पैदा होता है कि उसने अपनी विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए पुलिस को बयान क्यों नहीं दिया.

आदित्य राज के दाहिने हाथ में लगा चोट एक घाव था. उन्होंने चोट का स्केच तैयार किया, जो क्षैतिज था. प्राथमिक चिकिसा दी, और धाव को टंका लगाया. यह जलती हुई चोट नहीं थी, और चरने, काला करने,गोदने या कार्बन कणों के कोई संकेत नहीं थे. अवलोकन से यह अस्पष्ट है कि नीरज सिंह की हत्या के समय वाहन में उनकी उपरोक्त चर्चाओं, प्रदर्शनों और आदित्य राज के बयान के एक मिनट के उपस्थिति संदिग्ध है. इस आधार पर, अभियोजन पक्ष उचित संदेह से परे घटना नहीं साबित कर सका.

सीडीआर और लोकेशन के अनुसार, जैसा कि पीडब्यू द्वारा साबित किया गया है, सेल फोन नंबर 91....... गिरिडीह में था. उसके बयान के अनुसार वह नीरज सिंह के साथ इस मोबाइल नम्बर का प्रयोग कर रहा था, किन्तु नोडल ऑफ़िसर के अनुसार दिनांक 15.032017 से 2.03.2017 तक 98351..... सेल फोन नम्बर जो फागू महतो के नाम पर था, का लोकेशन जिला गिरिडीह में था. एक व्यक्ति एक ही समय में दो स्थानों पर उपस्थित नहीं हो सकता है, इसलिए, यह स्थापित किया गया है कि सेल फोन नंबर 98....... धारक, यानी आदित्य राज, नीरज सिंह (मृतक) के साथ मौजूद नहीं था और घटना की तारीख पर उसके साथ होने का झूठा दावा किया गया था. अदित्य राज ने दावा किया कि, वाहन पर अंधाधुंध गोलीबारी के दौरान उनके हाथ में चोट आई थी. यह असंभव है क्योंकि वह घटना के स्थान पर किसी भी स्वतंत्र गवाह द्वारा नहीं देखा गया था. उसके व्यक्ति या कपड़ों पर खून का कोई निशन या दाग नहीं पाया गया, जबकि उसने वाहन में रहने का दावा किया और मृतक को वाहन से बाहर निकालने का दावा किया अभियोजन पक्ष द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत की गई चोट रिपोर्ट चिकित्सा दस्तावेज कथित रूप से झूठे और मनगढंत हैं. बचाव पक्ष की ओर से अंकित, आदित्य राज का बेड हेड टिकट दर्शाता है कि, डा. उदय कुमार सिन्हा ने जिरह पेरा ४ में स्वीकार किया कि उनका बेड हेड टिकट उनके द्वारा तैयार किया गया था. उसके सर या शरीर के किसी अन्य हिस्से पर चोट का कोई इतिहास नहीं था. उसके चेहरे पर कोई चोट नहीं थी.वह सचेत था, ज्वर में था, सामान्य नाड़ी और रक्तचाप के साथ, थोडा एनीमिक था. आईओ ने अपनी गवाही में कहा कि 18.12.2016 सेलफोन नंबर 92047..... और 98..... के टॉवर स्थान यूपी में एक साथ पर पाए गए थे, जो रंजय की हत्या से भी बहुत पहले था.

(शेष पेज-11 पर)

### सदर अस्पताल में आज

| | | |
|---|---|---|
| मेडिसिन | - | डॉ मासूम आलम तथा डॉ शीला |
| हड्डी रोग | - | डॉ हरेंद्र कुमार |
| फिजिशियन | - | -- |
| सर्जरी | - | डॉ प्रभात कुमार |
| नेत्र रोग | - | डॉ गोलु पिनाज |
| दंत रोग | - | डॉ सुनिता सिन्हा |
| शिशु रोग | - | डॉ उमेन्द्र कुमार |
| मनोरोग | - | डॉ संजय कुमार |
| स्त्री एवं प्रसूति रोग | - | डॉ रुमा प्रसाद |
| फिजियोथेरेपी | - | -- |
| ईएनटी स्पेशलिस्ट | - | -- |

**गायनी इमर्जेंसी**

| | | |
|---|---|---|
| सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक | - | डॉ संध्या तिवारी |
| दोपहर 2 से रात 8 बजे तक | - | डॉ सुमन |
| रात 8 से सुबह 8 बजे तक | - | डॉ अंजना कुमारी |

**जेनरल इमर्जेंसी**

| | | |
|---|---|---|
| सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक | - | डॉ निलम बाला |
| दोपहर 3 से रात 9 बजे तक | - | डॉ ईपिल टोपनो |
| रात 9 से सुबह 9 बजे तक | - | डॉ मंगेश |

# मौजा धैया, खाता 196 रैयती या गैराबाद ?

## दो सीओ की अलग-अलग राय, जांच हुई तो खुलेंगे राज



अमित सिन्हा

धनबाद। धैया मौजा के एक जमीन का मामला इन दिनों सुर्खियों में है. मिली जानकारी के अनुसार एक ही खाता के जमीन को लेकर पूर्व सीओ और वर्तमान सीओ की राय अलग-अलग है. धैया मौजा के खाता संख्या196 को जहां पूर्व सीओ शशिकांत सिंकर ने रैयती बताते हुए पंजी 2 में नाम चढ़ा दिया है. वहीं वर्तमान सीओ राम प्रवेश कुमार ने खाता 196 को गैरआबाद बताते हुए नोटिस जारी किया है.

29 अगस्त को सीओ द्वारा जारी नोटिस के बाद धैया मौजा के इसी खाता संख्या 196 के तहत एक और विवाद ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं. पूर्व अंचल अधिकारी शशिकांत सिंकर ने 20 जून 2025 को खाता 196 प्लॉट संख्या 67,68 के पांच एकड़ 35 डिसमिल जमीन को रैयती घोषित करते हुए इसे पंजी 2 में राम लगन शर्मा के नाम दर्ज कर दिया था. वहीं, वर्तमान सीओ राम प्रवेश कुमार ने उसी खाते 196 की जमीन को गैराबाद बताया है. एक ही खाता संख्या के अंतर्गत जमीन की प्रकृति को लेकर दो अंचल अधिकारियों के परस्पर विरोधी दावों ने इस मामले को और जटिल बना दिया है. जानकारों का कहना है कि यह विरोधाभास प्रशासनिक स्तर पर गंभीर त्रुटि या अनियमितता की ओर इशारा करता है. सवाल उठता है कि जब एक ही खाते के सभी प्लॉट गैराबाद होनी चाहिए, तो इसे रैयती कैसे घोषित किया गया? इस मामले में पारदर्शिता की कमी और संभावित अनियमितता की जांच होनी चाहिए.

### सीओ ने जारी किया नोटिस, डीसी को सौंपा प्रतिवेदन

धनबाद के धैया मौजा में दो एकड़ 16 डिसमिल गैराबाद जमीन पर अवैध कब्जे की कोशिश के मामले में धनबाद अंचल अधिकारी (सीओ) राम प्रवेश कुमार ने सत्यदेव सिंह के नाम नोटिस जारी किया है. नोटिस में कहा गया है कि धैया मौजा के खाता संख्या 196, प्लॉट संख्या 1544 की जमीन, जिसका रकबा दो एकड़ 16 डिसमिल है, को बांस, बल्ली और हरे कपड़े से घेरकर कब्जा करने की कोशिश की जा रही है. सत्यदेव सिंह को इस जमीन से संबंधित सभी दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है. इस मामले की गंभीरता को देखते हुए सीओ ने नोटिस की एक प्रति धनबाद उपायुक्त आदित्य रंजन को भी भेजी है, ताकि इसकी गहन जांच हो सके.


### जांच के बाद सच्चाई उजागर होने की उम्मीद

जानकारों का मानना है कि यदि इस मामले की निष्पक्ष और गहन जांच की जाए, तो न केवल जमीन के मालिकाना हक की सच्चाई सामने आएगी, बल्कि प्रशासनिक प्रक्रिया में हुई चूक या जानबूझकर की गई गड़बड़ी का भी खुलासा हो सकता है. उपायुक्त इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करें तो गैराबाद जमीन पर कब्जे की कोशिश को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जा सकते हैं.

# डुमरी में महिला पर चोरी का आरोप लगाकर काटे बाल

## चप्पल की माला पहनाकर पूरे गांव में घुमाया

शुभम संदेश। डुमरी (गिरिडीह)



- वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने किया 6 महिलाओं समेत 9 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज
- तीन आरोपी महिला गिरफ्तार, अन्य फरार

डुमरी थाना क्षेत्र के पिपराडीह गांव में चोरी के आरोप में एक महिला को बंधक बनाकर उसके बाल काट दिए गए और चप्पल की माला पहनाकर पूरे गांव में घुमाने का मामला सामने आया है. इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और सोमवार को पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले गई. पीड़िता के बयान पर पुलिस ने 6 महिलाओं समेत 9 लोगों को नामजद किया है और अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है. नामजद महिलाओं में से रेखा देवी, भानुमति देवी और वृंदा देवी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य आरोपी फरार हैं. सूत्रों के अनुसार नागेश्वर यादव की पत्नी और मां ने रविवार को पीड़िता पर गहना चोरी का आरोप लगाकर उसे अपने कब्जे में ले लिया. इसके बाद नागेश्वर यादव की तीन विवाहित बहनें और एक बहनोई वहां पहुंचे और पीड़िता से पूछताछ करने लगे. आरोपियों ने उसे हाथ बाँधकर डुमरी-ईसरी बस स्टैंड स्थित एक ज्वेलरी दुकान पर ले जाकर जेवर बेचने की पुष्टि कराई. दुकानदार ने पहले इनकार किया, लेकिन बाद में स्वीकार किया कि महिला ने गहने बेचे थे. इसके बाद आरोपी पीड़िता को गांव ले आए और रात भर उसे बंधक बनाए रखा. अगले दिन सुबह महिला के बाल काटे गए, चप्पल की माला पहनाई गई और पूरे गांव में घुमाया गया. घटना का वीडियो वायरल होने पर लोगों को मामले की जानकारी हुई. थाना प्रभारी प्रणीत पटेल ने बताया कि मामले में कुल 9 लोगों को नामजद किया गया है, जिनमें से 3 को गिरफ्तार कर लिया गया है और शेष की तलाश जारी है.

## ब्रीफ खबरें

### सीताराम मारू की जयंती पर जारी होगा डाक टिकट



**रांची।** 11 अक्टूबर को सीताराम मारू की जन्म शताब्दी दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम उनके परिवार द्वारा रांची में आयोजित किया जाएगा. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में चिन्मय मिशन के ग्लोबल प्रमुख गुरू स्वामी तेजोमयानंद रहेंगे. इस दिवस पर भारत सरकार के डाक विभाग द्वारा सीताराम मारू पर एक डाक टिकट एवं एक पुस्तिका का भी विमोचन होगा. प्रथम दिन का कार्यक्रम शाम के वक्त रांची क्लब में और दूसरे दिन 12अक्टूबर को कार्यक्रम प्रातः सूर्य उपासना भवन, बुंडू में संपन्न होगा. उक्त जानकारी राज्यसभा के पूर्व सांसद अजय मारू ने दी है.

### सांसद ढुल्लू महतो समेत तीन हुए रिहा

**धनबाद।** रंगदारी के लिए बीसीसीएल की रेल लाइन बिछाने के काम को बाधित करने मामले में सोमवार को एमपी एमएलए न्यायालय के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अर्पिता नारायण की अदालत ने अपना फैसला सुनाया. अदालत ने मामले के नामजद आरोपी भाजपा सांसद ढुलू महतो आनंद शर्मा व रामेश्वर साव को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया. सांसद ढुलू महतो समेत तेरह लोगों के विरुद्ध रंगदारी के आरोप में बरोरा थाना में प्राथमिकी 3 अगस्त 2021 को दर्ज की गई थी. पुलिस ने यह कार्रवाई बीसीसीएल की सोनारडीह से शताब्दी माइंस तक रेल लाइन बिछाने के कार्य में लगी एचसीपीएल और एमबीपीएल जेवी के अधीन कार्यरत पेटी कांट्रेक्टर मॉडर्न इंटरप्राइजेज कंपनी के प्रोपराइटर रियाज कुरैशी के लिखित शिकायत के आधार पर की थी.

# गुमला के शिवम राज को गूगल ने दिया दो करोड़ का पैकेज

शुभम संदेश। गुमला

गुमला जिले के सालेगुटू गांव से ताल्लुक रखने वाले शिवम राज ने अपने जज़्बे और मेहनत के दम पर टेक्नोलॉजी की दुनिया में बड़ी छलांग लगाई है. फिलहाल वे गूगल में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं और उन्हें करीब 2 करोड़ रुपये सालाना का पैकेज मिला है. मगर यहां तक पहुंचने का सफर उनके लिए बिल्कुल भी आसान नहीं था. दरअसल, देश के नामी इंजीनियरिंग संस्थानों में दाखिले के लिए 12वीं में कम से कम 75% अंक जरूरी होते हैं, लेकिन पहली बार में शिवम को सिर्फ 74% अंक मिले. एक



खबर के अनुसार इस एक प्रतिशत की कमी के चलते वे जेईई एडवांस की पात्रता से चूक गए. लेकिन शिवम ने हार मानने के बजाय एक साल ड्रॉप लेकर दोबारा 12वीं की परीक्षा दी और इस बार 86% अंक प्राप्त किए. इसके बाद उन्होंने जेईई मेन और जेईई एडवांस दोनों परीक्षाएं पास कर लीं.

### रेलवे ने चलाया सुरक्षा जागरूकता अभियान

**लोयाबाद।** रेलवे संपत्ति की सुरक्षा और अपराध नियंत्रण को लेकर रेलवे सुरक्षा बल लगातार जन जागरूकता पर जोर दे रहा है. इसी कड़ी में रविवार को धनबाद मंडल अंतर्गत आरपीएफ पोस्ट धनबाद के अधिकारियों एवं जवानों ने सिजुआ-बांसजोड़ा रेलखंड के डीसी लाइन पर ग्रामीणों से जुड़ते हुए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया. अभियान के दौरान आरपीएफ जवानों ने ग्रामीणों को रेल सुरक्षा से जुड़े कई अहम बिंदुओं की जानकारी दी.

# नंदलाल इंस्टिट्यूशन के कमरे की छत गिरी, बाल-बाल बचे बच्चे

शुभम संदेश। चिरकुंडा

राजकीयकृत उच्च विद्यालय नंदलाल इंस्टीट्यूशन चिरकुंडा में जर्जर भवन के एक कमरे की छत सोमवार की दोपहर में भरभरा कर गिर गई, हादसे में विद्यालय में अध्यनरत बच्चे बाल बाल बच गए. विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक नितेश कुमार पटवारी ने बताया कि 1899 में स्थापित यह स्कूल 125 वर्ष पुरानी जर्जर भवन की छत विद्यालय चलने के क्रम में टूट कर



गिर गई. विद्यालय का भवन काफी पुराना होने की वजह से कभी दीवार तो कभी छत अक्सर टूट कर गिरती रहती है. समय-समय पर विभाग के उच्च अधिकारी को इन घटनाओं से अवगत कराया जाता है. उन्होंने बताया कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए भविष्य में सदैव दुर्घटना की आशंका बनी रहती है. विद्यालय के सभी कर्मी एवं छात्र-छात्राएं भय के माहौल में रहते हैं. नए भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है जिस कारण बच्चे डर-डर कर शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर हैं.

# नीरज समर्थकों ने निकाला कैंडल मार्च

## नीरज सिंह हत्याकांड ये सिर्फ मेरे पति की नहीं, समाज की लड़ाई है : पूर्णिमा सिंह

शुभम संदेश। धनबाद

झरिया के पूर्व विधायक और दिवंगत मेयर नीरज सिंह के हत्याकांड में न्याय की मांग अब और तेज होती दिख रही है. सोमवार को कोर्ट के फैसले के बाद पूर्व विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने अपने समर्थकों के साथ सरायढेला स्थित घटनास्थल पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की और फिर रणधीर वर्मा चौक तक कैंडल मार्च निकालते हुए न्याय की गुहार लगाई.

पूर्णिमा सिंह ने कहा कि कि साढ़े आठ साल बीत जाने के बाद भी मेरे पति को



न्याय नहीं मिला. आज भी हत्यारे खुलेआम घूम रहे हैं. यह सिर्फ नीरज सिंह की हत्या नहीं, बल्कि उस समाज की हत्या है जो न्याय के लिए अब भी संघर्षरत है. यह लड़ाई कमजोर, पिछड़े वर्ग के लोगों की भी है जिन्हें आज तक सिस्टम से इंसाफ नहीं मिला है." उन्होंने साफ कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगी. उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस लड़ाई में साथ आएं क्योंकि यह संघर्ष व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामूहिक न्याय की मांग है. पूर्णिमा सिंह का यह कदम धनबाद के राजनीतिक गलियारों में एक बार फिर न्याय और जवाबदेही की मांग को लेकर चर्चा का विषय बन गया है.

# एसएनएमएमसीएच का होगा सुदृढ़ीकरण : डीसी

शुभम संदेश। धनबाद

उपायुक्त आदित्य रंजन ने सोमवार को शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) में पेयजल, सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण को लेकर निरीक्षण किया.निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने बताया कि एसएनएमएमसीएच में प्रतिदिन बड़ी संख्या में धनबाद और आसपास के क्षेत्रों के मरीज इलाज के लिए आते हैं. उनको बेहतर व्यवस्था प्रदान करने के लिए सुदृढ़ीकरण आवश्यक है. जिसमें



शुद्ध पेयजल के लिए वृहद योजना, अस्पताल तक एप्रोच रोड, बाउंड्री वॉल, सुरक्षा सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर कार्य करना है. उन्होंने कहा कि इस अस्पताल में बड़ी संख्या में मरीज आते हैं, इसलिए उनका इलाज बाधित न हो और सुदृढ़ीकरण कार्य भी चले, इसी उद्देश्य से आज अस्पताल का निरीक्षण किया है. निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे के स्क्रीन को कैंपस में रखने का निर्देश दिया. साथ ही अस्पताल की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा बलों को अपनी ड्यूटी में मुस्तैद रहने, आगंतुकों के साथ अच्छा व्यवहार करने सहित अन्य दिशा निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान उपायुक्त आदित्य रंजन के साथ अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम, धनबाद अंचल के अंचल अधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी नारायण राम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, अस्पताल के अधीक्षक, प्राचार्य व अन्य लोग मौजूद थे.

## स्लरी युक्त पानी से दूषित हो रहा दामोदर

### पाथरडीह मिमान स्टील लिमिटेड के खिलाफ लोगों का आक्रोश

- कुलटांड़ बस्ती के लोगों को आने–जाने में दिक्कत
- स्थानीय लोगों ने की जल्द कार्रवाई की मांग



**शुभम संदेश। चासनाला**

पाथरडीह कोलवासरी स्थित मेसर्स मिमान स्टील लिमिटेड के द्वारा सैलरी युक्त पानी बहाने से कुलताड़ पुलिया बुरी तरह तबाह हो चुका है. स्लरी जमा हो जाने के कारण कुलताड़ बस्ती के लोगों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. क्योंकि यही पुलिया ही मुख्य साधन है. जिसे आज सोमवार को कर्मियों के द्वारा साफ भी कराया गया है. वहीं इस मामले में जनता मजदूर संघ बच्चा गुट के शाखा सचिव हरे मुरारी महतो ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मिमान स्टील का स्लरी युक्त पानी बहने से स्थानीय बस्ती के लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. लोग गिरते भी हैं. लेकिन इस ओर प्रबंधन का कोई ध्यान नहीं है. लगभग 6, इंच स्लरी पुलिया में जमा आपको देखने मिलेगा. जिससे लाखों का क्षति का अनुमान है तथा एक तरफ दामोदर का पानी भी दूषित होते देखा जा सकता है.

## तोपचांची के गांवों में सड़क बनाने की मांग

**गोमो (शुभम संदेश)।** आजसू के जिला संगठन सचिव सदानंद महतो ने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी तोपचाची, टुंडी विधायक, गिरिडीह सांसद को पत्र देकर तोपचांची प्रखण्ड के गांवों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने की बातें कही है. उन्होंने कहा है कि ग्राम पंचायत गुनघुसा के बदाही गांव, चितरपुर ग्राम पंचायत के धाजाटार्ड, पीपरा डीह, मदयडीह ग्राम पंचायत कालाझार, दुमदुमी ग्राम पंचायत के दांदू भंगाठ, खरियो ग्राम पंचायत के कुबडी आम टाड, चेता ग्राम पंचायत के नावाबारी, पीपरा टोला के ग्रामीण अब भी सडक सुविधा से वंचित हैं. उन्होंने अविलंब सडक बनाने की मांग की है. उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य बने 25 वर्ष बीत गए इस गांवों के ग्रामीण मूलभूत सुविधा से वंचित हैं.

## टुंडी के पशुओं में लंपी वायरस का प्रसार, कई पशुओं की मौत

**शुभम संदेश। टुंडी**



टुंडी प्रखंड के 17 पंचायत के लगभग 200 गांवों में जानवरों में होने वाली लंपी वायरस के फैलने से टुंडी के किसानों में हाहाकार मचा हुआ है. इस बिमारी की चपेट में आने पर अबतक पूरे प्रखंड में 30 मवेशियों की बच्चों की मौत हो चुकी है, जबकि एक हजार से अधिक मवेशियों के बच्चे आक्रांत में होकर जीवन और मौत से जूझ रहे हैं. बता दें कि टुंडी प्रखंड में पशु चिकित्सालय तो है पर टुंडी जैसे दो लाख की आबादी वाले क्षेत्र में स्थायी चिकित्सक नहीं रहने के कारण कारण यहां के किसानों को को पशुओं के इलाज के लिए भगवान भरोसे रहना पड़ता है. इधर दो दिन पहले जोड़ापोखर क्षेत्र के चिकित्सक डा दिलीप कुमार को टुंडी का अतिरिक्त पशुपालन पदाधिकारी का प्रभार मिला है. उन्होंने बताया कि इस वायरस से संबंधित बीमारी ठीक होने पर समय लगता है. किन्तु आयुर्वेदिक उपचार सबसे सटीक साबित हो रहा है, वैसे उन्होंने नी पत्ति से पीड़ित पशु को धोने से लेकर खिलाने तक का कार्य कारगर साबित हो रहा है. टुंडी के ग्रामीणों ने धनबाद उपायुक्त व जिला पशुपालन पदाधिकारी से टुंडी में स्थाई चिकित्सक की व्यवस्था की मांग की है.

### ब्रीफ खबरें

#### युवक ने खुद को लगाई आग, इलाज के दौरान मौत

**चासनाला।** पाथरडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत चासनाला कुलटांड़ बस्ती निवासी शिवशंकर महतो उर्फ जादू 35वर्षीय ने नशे की हालत में अपने शरीर पर पेट्रोल डाल आग लगा ली थी. शोरगुल हल्ला सुन गांव के लोगों ने आनन-फानन में धनबाद के एसएनएमएमसीएच धनबाद ले गए. जहां चिकित्सों बेहतर इलाज के ली बोकारो बीजीएच रेफर कर दिया. बोकारो में इलाज के दौरान मौत हो गई.

#### मटकुरिया ऑफिसर्स क्लब में सतर्कता अभियान

**केंदुआ।** कुसुंडा एरिया सर्वेक्षण विभाग द्वारा मटकुरिया ऑफिसर्स क्लब में सतर्कता जागरुकता अभियान के तहत कार्यशाला आयोजित की गई. एरिया एडमिस्ट्रेशन ऑफिसर देवाशीष बाग ने कर्मियों को कार्य के प्रति जागरूक रहने की शपथ दिलाई. वक्ता ने कहा कि कर्मियों को सर्वे कार्य के प्रति हमेशा जागरूक रहने की जरूरत है, चाहे कोयला या अन्य किसी काम की मापी हो. कारण की माइनिंग डिपार्टमेन्ट सर्वे विभाग पर ज्यादा आश्रित रहता है. कार्यक्रम में आशुतोष कुमार,संजय कुमार,राज कुमार नायक, लाल चंद चौहान, आशिफ इकबाल ,गजेंद्र सिंह आदि मौजूद थे.

#### हीरापुर क्षेत्र में आज सुबह 4 घंटे बिजली आपूर्ति होगी बंद

**धनबाद।** हीरापुर पावर सब-स्टेशन (पीएसएस) से जुड़े सभी 11 केवी फीडरों की बिजली आपूर्ति मंगलवार को सुबह 06:30 बजे से 10:30 बजे तक रखरखाव कार्य के लिए बंद रहेगी. इससे प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में विस्तीपारा, ज्ञान मुखर्जी रोड, हरिमंदिर रोड, हिरापुर हटिया, पुलिस लाइन, डीएस कॉलोनी, झारखंड मैदान, जरनापारा, मास्टरपारा, आदर्श नगर, मदा कॉलोनी, प्रोफेसर कॉलोनी, बेकरबंद, एलसी रोड, मनोरम नगर आदि शामिल हैं.

#### संघ ने किया चालकों को सम्मानित

**पुटकी।** ऑल ड्राइवर कल्याण संघ ने चालक दिवस पर पुटकी में सोमवार के अहले सुबह कोलकाता,टाटा, बोकारो,रांची आदि के वाहनों को रोककर चालकों को सम्मानित किया. उन्हें मिठाई खिलाई. संघ के हरेंद्र सिंह ने कहा कि चालकों को नशा मुक्त होकर वाहन चलाने,ट्रैफिक नियम का पालन करने की अपील की गई. कार्यक्रम में सुभाष गोप,चन्दन नियोगी,नसीम अंसारी, मानस भंडारी,गरीबन पासवान, नरेश पासवान,श्री राम सोनी, नसिम अख्तर आदि शामिल थे.

#### सीओ किस्कू का किया गया स्वागत

**महुदा।** हिलटॉप के रैयत प्रतिनिधि मंडल द्वारा सोमवार को अंचल अधिकारी गिरजानंद किस्कू को गुलदस्ता एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया. साथ ही उन्हें तीन सूत्री माँग पत्र सौंपा गया. प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व दिलीप कुमार रवानी ने किया. जिसमें बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा निजी हिलटॉप आउटसोर्सिंग कंपनी को मौजा सूडीयाडीह, तारगा, फुलारीटांड़, खरखरी, ब्राह्मणडीहा के ग्रामीण रैयतों का लगभग एक हजार एकड़ जमीन को बिना मुआवजा, नियोजन, रोजगार, तथा स्थानीय ग्रामीण बेरोजगार युवकों को 75% रोजगार दिये बगैर 25 अप्रेल 2024 से 25 वर्षो के लिए कोयला उत्खनन कार्य आवंटन में रोक लगाने, राधानगर मौजा नंबर 303 साबिक खाता नंबर 64 साबिक खेसरा नंबर 480 रखवा 33 डिसमिल जो गैर अबाद मालिक खाते की जमीन है. वृहद विवाह भवन निर्माण को जमीन का एनओसी देने, मोहम्मद आलम सोनरडीह एवं एवं संजय कुमार बरोरा की जमीन का लगान रसीद निर्गत करने के लिए मांग पत्र सौंपा गया.

## इलाज में लापरवाही पर पाटलिपुत्र में हुआ हंगामा

### अस्पताल में हंगामा के दो घंटे बाद हुई मरीज की मौत

- पुलिस और अस्पताल के बाउंसरों के साथ धक्का–मुक्की
- बाइक से गिरकर जख्मी हुआ था झरिया निवासी देव

**शुभम संदेश। धनबाद**



जोड़ाफाटक रोड स्थित पाटलिपुत्र नर्सिंग होम में सोमवार को इलाजरत घायल मरीज के परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए दो घंटे तक जमकर हंगामा किया. इस दौरान महिला परिजनों ने एक पुलिसकर्मी व अस्पताल के बाउंसर को कालर पकड़कर धक्का-मुक्की कर दी.काउंटर पर रखे लैपटॉप को क्षतिग्रस्त कर दिया.सूचना पाकर बैंक मोड़ थाना प्रभारी दलबल के साथ अस्पताल पहुंचे. जहां परिजनों को उचित इलाज होने की बात कह शांत कराया. हालांकि दो घंटे के इलाज के बाद घायल देव वर्मा की मौत हो गई.इसके बाद पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद एसएनएमएमसीएच भेज दिया. हंगामा कर रहे लोगों का कहना था कि रविवार की रात झरिया फतेहपुर के 19 वर्षीय देव वर्मा और नई दुनिया झरिया के रॉकी कुमार अपनी बाइक से गणेश मेला घूमने डिगवाडीह गया था. घर वापस के क्रम मे एक स्कार्पियो ने इस बाइक को जोरदार धक्का मार दी. जिससे दोनों बुरी तरह जख्मी हो गए. देव के सिर में गंभीर चोटें आई. स्थानीय लोगों ने इन दोनों घायलों को पाटलिपुत्र नर्सिंग होम में भर्ती कराया. इधर सोमवार की सुबह देव व रॉकी के स्वजन अस्पताल पहुंचे. जहां चिकित्सकों ने इन लोगों को बताया कि दो व के सिर पर गंभीर चोट है. इसे कोलकाता दूसरे अस्पताल ले जाए. यह सूनकर स्वजन भड़क गए. इनलोगों ने चिकित्सकों पर इलाज मे लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया.इनलोगों का कहना था कि इलाज में लापरवाही के कारण ही उसकी स्थिति गंभीर हुई है.पुलिस के हस्तक्षेप के बाद ही मामला शांत हुआ.इधर भाजयुमो के ओबीसी जिला मंत्री रिंकू शर्मा भी पहुंचे.

> लापरवाही का आरोप गलत है. मरीज के सिर में गंभीर चोट लगी थी. उसकी हालत नाजूक थी. इसकी जानकारी उसके स्वजनों को रात में ही दे दी गई थी. इसपर उसके स्वजनों ने हस्ताक्षर भी किया है. मरीज का इलाज का पैसा न देना पड़े, इसलिए ही हंगामा किया गया है. अगर ऐसे हंगामा अक्सर होता रहा तो हमलोग कैसे इलाज कर पाएंगे.
>
> **निर्मल ड्रोलिया, सीएमओ, पाटलिपुत्र नर्सिंग होम**

#### शव पहुंचते ही पसरा मातम

देव राम का शव पोस्टमार्टम के बाद उसके आवास झरिया पहुंचा. शव पंहुचते ही परिजनों के क्रंदन से वहां मौजूद सभी की आंखें नम हो गईं. देवा दो भाइयों में बड़ा था. पिता बिनोद वर्मा मुंबई में निजी काम करते हैं. झरिया उसका ननिहाल है. पास में ही एक किराए के घर में रहते हैं. देव पढ़ाई के साथ–साथ कैटरिंग का काम करता था. स्थानीय लोगों ने बताया कि घटना की जानकारी सोमवार की सुबह जोड़ापोखर पुलिस ने दी थी. अगर समय रहते घटना की सूचना मिलती उसका उचित इलाज कराया जाता.

## खेलो झारखंड के विजेताओं को विधायक ने किया पुरस्कृत

**झरिया (शुभम संदेश)।** खेलो झारखण्ड 2025 प्रतियोगिता के दूसरे दिन टाटा फुटबॉल बी ग्राउंड, जेलगोरा में एथेलेटिक्स प्रतियोगिताओं के तहत 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 600 मीटर,1500 मीटर एवं 3000 मीटर का दौड़ तथा, शॉर्टपुट, लम्बी कूद एव ऊँची कूद के बालक एवं बालिका वर्ग का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झरिया विधायक रागिनी सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए सरकारी विद्यालयों के उभरते प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने हेतु हर प्रकार की मदद का आश्वासन दिया. प्रतियोगिता के विभिन वर्गों में रागिनी कुमारी, कुमकुम कुमारी, शिमंगी कुमारी, कृति कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, मानवी कुमारी, बीबी जैनब, अनन्या कुमारी, छबि कुमारी, प्रिया कुमारी, आरुषि कुमारी, रानी, अंजलि, मनीषा, किरण, अंशिका, खुशी, संध्या, मोहित कुमार, सुमित सिंह, ओम कुमार, केशव आनंद, प्रिंस, आलोक, आदर्श ,फैजान, सुमित, अंकेश, बादल आदि विजेता एवं उपविजेता रहे. आज की प्रतियोगिता के अंत में मुख्य अतिथि एवं प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने विजयी प्रतिभागियों को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया. प्रतियोगिता के सफल संचालन में खेल प्रशिक्षक उज्ज्वल पाल, नीतीश सिंह, प्रणव नंदी, अशोक सिंह, मधुकर प्रसाद,विपिन पाण्डेय , मयंक कुमार, भर्ती रानी, मोनोश्री आदि की सराहनीय भूमिका रही .

### न्यूज अपडेट

#### बिजली तार की चपेट में आकर दो बैलों की मौत

**टुंडी (शुभम संदेश)।** पश्चिमी टुंडी मनियाडीह थाना क्षेत्र के रांगामटिया गांव के 11 हजार बिजली की तार की चपेट में आने पर रांगामटिया गांव के बीरालाल मुर्मू व रामेश्वर मुर्मू का बैल मर गया. इस दौरान लगभग 8 घंटे बिजली ठप रही. ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली तार गिरने की सूचना मनियाडीह पुलिस व बिजली विभाग सूचना दी थी पर बिजली तार नहीं उठाया गया अंततः हादसा हो गया. इधर घटनास्थल पर दोनों बैल मरा पड़ा हुआ है. ग्रामीणों ने बताया कि इसकी लिखित शिकायत टुंडी बीडीओ से भी की गई पर कहीं से कोई सहायता अभी तक नहीं मिली है. ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग हमें मुआवजा दे,जिसके लिए मरे बैलों का पोस्टमार्टम रिपोर्ट जरूरी है. इधर टुंडी पशु चिकित्सक संभवतः कल आने की बात कह रहे हैं. इस कारण घटना स्थल पर दोनों बैल मरे पड़े हुए हैं. इधर पश्चिमी टुंडी मनियाडीह थाना क्षेत्र के आदिवासी बिजली विभाग के खिलाफ जमकर आक्रोशित होकर गोलबंद होकर डुगडुगी बजाने की बात कर रहे हैं.

#### पंचायत उन्नति सूचकांक पर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला

**टुंडी (शुभम संदेश)।** सोमवार को प्रखंड सभगार में पंचायत उन्नति सूचकांक के प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का उद्घाटन टुंडी बीडीओ विशाल कुमार पांडेय ने दीप प्रजवल्लित कर किया. बीडीओ ने सभी को पंचायत का सर्वांगित विकास एवं सही डाटा उपलब्ध कराने को कहा. इसके बाद विगत वर्ष में हुए पंचायत उन्नति सूचांक सर्वे में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्थानीय स्वशासन के सशक्तिकरण एवं सतत विकास के लिए सराहनीय कार्य करने वाले टुंडी में पहला स्थान कमरडीह , दूसरा कदैयां एवं तीसरा स्थान में रतनपुर पंचायत को जिला प्रसाशन ने चयन किया कर सूचि भेजी थी. वहां के संबंधित मुखिया को कार्यशाला में बुके एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया.

#### भोजूडीह चौक को शहीद मिलन सिंह चौक करने की मांग

**झरिया (शुभम संदेश)।** चंदनकियारी दामोदरपुर निवासी व सीआरपीएफ के शहीद जवान मिलन सिंह राजपूत को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राजपूत करणी सेना के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को उनके आवास पर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और दुख की इस घड़ी में उन्हें ढांढस बंधाया. इस अवसर पर प्रदेश सचिव दिलीप सिंह, जिला अध्यक्ष नीरज सिंह भदौरिया, तथा जिला प्रभारी नीरज सिंह सीकरवार के साथ कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे. करणी सेना ने शहीद जवान के सम्मान में भोजुडीह चौक का नाम शहीद मिलन सिंह चौक रखने की मांग स्थानीय लोगों से की और आश्वासन दिया कि वे जल्द ही उपायुक्त से मिलकर इस प्रस्ताव को आगे बढ़ाएंगे. परिजनों से मिलने वालों में शैलेंद्र सिंह (झरिया प्रभारी), नागेंद्र सिंह (जिला सचिव), अखिलेश सिंह (जिला मंत्री), सन्नी सिंह (मीडिया प्रभारी), तीनों वार्ड प्रमुख – प्रवीण सिंह, अभिषेक सिंह और नंदकिशोर सिंह, राजेश सिंह और मोहलबनी के मुखिया श्री सीतल सिंह सहित कई गणमान्य लोग शामिल थे. सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि शहीद की शहादत को अमर किया जाएगा और उनका नाम सदैव समाज के बीच जीवित रहेगा.

#### मायुमं का वरिष्ठजन सम्मान अभियान संपन्न



**झरिया (शुभम संदेश)।** मारवाड़ी युवा मंच – झरिया शाखा द्वारा विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस (21 अगस्त) के उपलक्ष्य में आयोजित विशेष अभियान को अभूतपूर्व सफलता मिली. 21 से 31 अगस्त तक चले इस कार्यक्रम में कुल 94 प्रतिभागियों ने भाग लिया. सभी को ई-सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा, जबकि पाँच श्रेष्ठ प्रविष्टियाँ "युवा दर्पण" में प्रकाशित होंगी. इस अभियान के तहत बच्चों और युवाओं ने अपने दादा-दादी, नाना-नानी और अन्य वरिष्ठजनों से मिलकर समय बिताया, आशीर्वाद लिया तथा उनके साथ की तस्वीरें और वीडियो साझा किए. शाखा अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा ने कहा कि वरिष्ठजन हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं. उनके अनुभव और आशीर्वाद नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक हैं. संयोजक मयंक केजरीवाल ने प्रतिभागियों के उत्साह पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया. प्रतिभागी अमर अत्रि ने अभियान की सराहना करते हुए कहा कि मंच ने बुजुर्गों के प्रति सम्मान और परिवारिक मूल्यों को पुनर्स्थापित करने का अनुकरणीय कार्य किया है.

#### पेंशन योजना को लेकर मुखियाओं की बैठक

**महुदा (शुभम संदेश)।** उपायुक्त धनबाद के निर्देश पर सोमवार को पेंशन योजना से संबंधित सामाजिक अंकेक्षण को लेकर सोमवार को महुदा क्षेत्र के विभिन्न पंचाचतों में मुखियाओं द्वारा ग्रामीणों के साथ बैठक का आयोजन किया गया. कांड्रा पंचायत सचिवालय में बैठक की अध्यक्षता मुखिया रिंकू देवी ने किया. बैठक में पंचायत की आंगनबाड़ी सेविका, वार्ड सदस्य आदि उपस्थित थे. बैठक के दौरान मुखिया ने बताया कि पंचायत के सभी पेंशनधारियों का धनबाद से सामाजिक अंकेक्षण टीम द्वारा मंगलवार को अंकेक्षण किया जाएगा.जिसमें पंचायत की सभी सेविका, वार्ड सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है. उन्होंने पेंशनधारियों से अपील किया कि मंगलवार को पंचायत सचिवालय में आकर अपना अंकेक्षण करा लें.

## विधायक ने किया विद्यालय भवन का शिलान्यास

- 50 लाख की लागत से होगा दो विद्यालय भवन का निर्माण

**शुभम संदेश। कतरास**



भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल धनबाद द्वारा डीएमएफटी मद से एसएस हाई स्कूल बाघमारा एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय बड़ा पांडेडीह में सोमवार को दो भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास बाघमारा विधायक शत्रुध्न महतो ने नारियल फोड़कर किया. भवन प्रमंडल विभाग दोनों विद्यालय में लगभग 50 लाख की लागत से विद्यालय भवन का निर्माण कराएगी. शिलान्यास के दौरान एसएस हाई स्कूल बाघमारा में कक्षा नवम दशम के उत्तीर्ण छात्राओं को विधायक ने अपने हाथों से अंक प्रमाण पत्र प्रदान किया. इस दौरान विधायक शत्रुध्न महतो ने कहा कि केंद्र सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को सशक्त बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है. सरकारी स्कूल में गरीब परिवार के बच्चे पढ़ते है. विद्यालय में छात्र- छात्राओं की संख्या अधिक है उनके अनुसार कमरें उपलब्ध नहीं है. जल्द ही भवन निर्माण कार्य पूरा होगा. उन्होंने विद्यालय परिसर में बाउंड्री वाल को ऊंचा करवाने के साथ अगले शेषन में तोरणद्वार बनवाने तथा विद्यालय के विकास के लिए आगे भी हर संभव सहयोग करने का आश्वाशन दिया. इस दौरान महतो ने संवेदक को तय सीमा के अंदर कार्य करने एवं गुणवतापूर्ण भवन निर्माण करने की बात कही. मौके पर गिरिडीह सांसद प्रतिनिधि सुभाष रवानी , दोनो विद्यालय के विद्यालय प्रबंधन , छात्र - छात्राएं सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे.

## बाल विवाह के खिलाफ कुंजी में सेमिनार

**शुभम संदेश। महुदा**




झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट एवं जस्ट राईट फॉर चिल्ड्रेन की ओर से बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण के तहत उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुंजी में छात्र-छात्राओं के बीच एक सेमिनार का आयोजन किया गया. सेमिनार में बाल विवाह रोकथाम, बाल मजदूरी, बाल यौन शोषण, बाल तस्करी रोक पर जानकारी दी गई. ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष विनोद महतो ने कहा कि बाल विवाह, बाल मजदूरी कानूनन अपराध है, आज भी चुपके से बाल विवाह होने कि शिकायतें मिलती रहती हैं. हमारे समाज में जो कुरीतियां हो रही है, इसको जड़ से समाप्त करना होगा. इसके लिए सभी उच्च शिक्षा प्राप्त करें और भविष्य की योजना बनाये, तभी इस दुष्परिणाम को रोका जा सकता है. सेमिनार के अंत में छात्रों एवं शिक्षकों ने बाल विवाह मुक्त झारखण्ड निर्माण का शपथ लिया. मौके पर फील्ड मोबलाइजर मुमताज अंसारी, प्रभारी प्रधानाध्यापिका रागिनी कुमारी, सहायक शिक्षक मोहत्शम उस्मानी, प्रिया कुमारी, मधुमिता दास, कुमारी जागृति, नीरद वरण तिवारी, सुमन कुमारी, संजय कुमार महतो, साबिर हुसैन अंसारी, सागर कुमार महतो, निर्मल चंद्र मंडल, आरती खवास, निर्मला कुमारी, राजेश कुमार महतो, अमित कुमार महतो, साजदा खातून, रुमा सिंह आदि उपस्थित थे.

## श्मशान की जमीन का अतिक्रमण, आक्रोश

- विवाद के बाद अमीन ने की श्मशान की जमीन की मापी

**शुभम संदेश। तेतुलमारी**



सोमवार को धनबाद अपर समाहर्ता के निर्देश पर सोमवार को रामकनाली ओपी क्षेत्र के गंडुबा खेपचाटांड जोरिया सीमा स्थित श्री साईं इंडस्ट्रीज सॉफ्ट कोक भट्ठा के द्वारा श्मशान जोरिया व श्मशान की जमीन की मापी अंचल अमीन पैईकू टुडू ने ग्रामीण राम कनाली ओपी प्रभारी संतोष कुमार रवि, सांसद प्रतिनिधि नरेश महतो के उपस्थिति में किया. मापी में सहयोग बसंत कुमार सिंह व पुनीत कर्मकार कर रहे थे. सनद रहे कि श्मशान जोरिया अतिक्रमण को लेकर काफी विवाद हो गया था. जिसमें ग्रामीण व भट्ठा समर्थको के बीच माहौल गर्म हो गया था. ग्रामीण काफी रोष में आ गए थे. जिससे स्थिति को देखते हुए धनबाद अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने राम कनाली थाना प्रभारी को पत्र देकर कार्य बंद करने का निर्देश दिया था. तथा बाघमारा अंचल अधिकारी को जांच का आदेश दिया था. जिसके आलोक में मापी की गई. मापी पूरी नहीं हो सकी. शेष मापी 9 सितंबर को की जाएगी. विवाद होने की आशंका पर जिला पुलिस बल के अलावा स्थानीय पुलिस मौजूद थे. करीब पांच घंटे तक चले मापी कार्य के बाद वे लोग रजिस्टर में अंकित कर ले गए. इस दौरान आमीन पैकू टुडू ने बताया कि समय कम मिलने के कारण मापी कार्य पूरी होने के बाद रिपोर्ट अंचल कार्यालय में सौंपेंगे. मालूम हो कि श्मशान घाट की जमीन अतिक्रमण को लेकर छोटा नगरी पंचायत के ग्रामीणों ने हस्ताक्षर युक्त पत्र उपयुक्त धनबाद व अपर समाहर्ता को देकर कार्रवाई की मांग किया था. जिसके आलोक में अंचलाधिकारी ने उक्त जमीन की मापी करने की बात कही थी. मापी में ग्रामीणों की ओर से सांसद प्रतिनिधि में नरेश महतो, पूर्व मुखिया संतोष महतो, बसंत कुमार सिंह पंसस अमृत रवानी गणेश रवानी, गोविंद ठाकुर, , मंगल महतो समीर मंडल , लोकनाथ महतो सुधीर महतो शुभम कुमार सिंह राजकुमार रवानी मनोज महतो आदि मौजूद थे.

## ग्रामीणों ने बीसीसीएल को चेताया नहीं लूटने देंगे खेतीहर जमीन

### नगरीकला मौजा की 217 .53 डिसमिल खेतीहर जमीन के अधिग्रहण की तैयारी में बीसीसीएल

- 3 सितम्बर को मापी का विरोध करेंगे ग्रामीण

**शुभम संदेश। तेतुलमारी**



बाघमारा के नगरीकला मौजा की 217.53 डिसमिल खेती योग्य जमीन को लेकर ग्रामीण गोलबंद हो रहे हैं. बीसीसीएल के नापी और अधिग्रहण के प्रयासों के खिलाफ स्थानीय ग्रामीणों ने कड़ा ऐतराज जताया है. 3 सितंबर को बाघमारा अंचल और बीसीसीएल अधिकारियों द्वारा नगरी कला मौजा की जमीन की नापी करायी जायेगी. इसको लेकर हजारों की संख्या में ग्रामीण विरोध प्रदर्शन करेंगे. नगरीकला उत्तर पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद महतो उर्फ रिंकु महतो ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए स्पष्ट कहा कि उनकी जमीन किसी भी कीमत पर बीसीसीएल को नहीं दी जाएगी. उन्होंने ग्रामीणों से एकजुट होकर आवाज उठाने और अपनी जमीन की रक्षा करने की अपील की. हम अपनी जमीन की रक्षा के लिए अपनी जान भी देने को तैयार हैं. मंजू देवी ने कहा कि हमारी आजीविका का आधार खेती है. हम खेती योग्य जमीन को किसी कीमत पर लूटने नही देंगे. नागरिकला उत्तर पंचायत में आंदोलन को ले बैठक आयोजित किया गया. जिसमे वक्ताओं ने कहा कि 1984-85 में बीसीसीएल ने इस जमीन को अधिग्रहित किया था, जिसमें कुल 123 रैयत शामिल हैं. इनमें से 23 रैयतों ने मात्र कौड़ी के भाव में मुआवजा प्राप्त किया था. ग्रामीणों का कहना है कि कोयला खनन के बाद बीसीसीएल को जमीन का समतलीकरण कर उसे पुनः रैयतों को सौंपना चाहिए. बैठक में ग्रामीणों ने 3 सितंबर को ऐतिहासिक प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है. इस बैठक में मुखिया राजेन्द्र प्रसाद महतो, शिव प्रसाद महतो, नारायण महतो, परशुराम रवानी, जगदीश महतो, सुभाष महतो, गंगा महतो, मीना देवी समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे, जिन्होंने एकता और संघर्ष का संदेश दिया.

## ब्रीफ खबरें

### मारपीट के मामले में दो प्राथमिकी दर्ज

**साहिबगंज।** बरहेट थाना क्षेत्र के रांगा गांव में बीती रात हुई मारपीट की घटना को लेकर दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई है. पहली प्राथमिकी अरगोड़ी गांव निवासी रामदेव पहाड़िया ने दर्ज कराई है. उन्होंने पचकठिया गांव निवासी आलम अंसारी (पिता ऐनुल अंसारी) पर मारपीट का आरोप लगाया है. इस मामले में बरहेट थाना कांड संख्या 129/25 दर्ज की गई है और पुलिस जांच में जुटी है. उसी घटना को लेकर दूसरी प्राथमिकी आलम अंसारी ने दर्ज कराई है. उन्होंने पचकठिया गांव के ही निवासी वासु दत्ता व राजकुमार दत्ता (पिता मधुसूदन दत्ता) तथा ज्योतिर्मय दत्ता व सुग्रीव दत्ता (पिता वासु दत्ता) पर मारपीट का आरोप लगाया है. उनके आवेदन पर बरहेट थाना में कांड संख्या 130/25 दर्ज की गई है. पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है.

### अटल जागृति मंच की बैठक संपन्न

**बोकारो।** अटल जागृति मंच की द्वितीय बैठक सेक्टर-4 में संपन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता अरुण कुमार शर्मा तथा संचालन प्रवीण कुमार ने किया. बैठक में मुख्य रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य और बुजुर्गों को सामाजिक लाभ दिलाने के उपाय पर चर्चा हुई. इस मौके पर राकेश मधु, जयशंकर सिंह, डॉ. के.के. सिंह, संजय पांडे, अजीत ठाकुर, सियाराम सिंह, सुमन सिंह, प्रमोद सिंह, कुंदन सिंह, टुनटुन मिश्रा, नीरज पांडे, विश्वनाथ पांडे, संतोष कुमार सिंह और श्रीकांत राय सहित कई सदस्य उपस्थित थे.

### धनबाद के कलाकारों की झांकी ने मोहा मन

**कसमार (बोकारो)।** कसमार में पांच दिवसीय श्रीश्री गणेश महोत्सव के पांचवें दिन धनबाद से आई झांकी टीम ने मां काली, शिव, दुर्गा, लक्ष्मी और गणेश की भव्य झांकियों से हजारों श्रद्धालुओं का मन मोह लिया. पूजा समिति के अध्यक्ष सूरज साव तोगड़िया ने बताया कि अब हर साल कसमार में गणेश महोत्सव का आयोजन किया जाएगा. इस अवसर पर पंडित कृष्ण मोहन चौबे, अविनाश चौबे, हर्षित चौबे, उपाध्यक्ष राकेश रंजन, प्रीतम मिश्रा, सचिव विष्णु जायसवाल, उप सचिव मेघनाथ गोस्वामी, कोषाध्यक्ष कुशल जायसवाल, संरक्षक रजत मिश्रा तथा सदस्य मंजीत जायसवाल, उमाशंकर, अशोक, गणेश, हरिशंकर, मुन्ना, अनीश, गौतम, प्रीतम, बंटी, उपेंद्र, प्रतिक, सौरभ, ऋतिक, करण, अनमोल, अंकित, विश्वनाथ, टिंकू, धनंजय, शशि भूषण प्रजापति, शेखर सुमन एवं अन्य उपस्थित थे.

### एसओई डुमरी बनी ओवरऑल चैंपियन

**डुमरी (गिरिडीह)।** चार दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का समापन सोमवार को हुआ. पी.एन.डी. जैन उच्च विद्यालय के खेल मैदान में अंतिम दिन सभी वर्गों के बालक एवं बालिका वर्ग के कबड्डी और खो-खो के मुकाबले संपन्न हुए. इस प्रतियोगिता में स्कूल ऑफ एक्सीलेंस (एस.ओ.ई.) डुमरी को ओवरऑल चैंपियन घोषित किया गया. अंडर-17 बालिका वर्ग कबड्डी का फाइनल मुकाबला उच्च विद्यालय असुरबांध और एसएसकेबी उच्च विद्यालय डुमरी के बीच खेला गया, जिसमें असुरबांध की टीम ने 12-6 अंकों से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया. खो-खो के सभी वर्गों में एसओई डुमरी की बालक एवं बालिका टीम विजेता रही. कबड्डी (बालक एवं बालिका वर्ग) में पीएनडी जैन उच्च विद्यालय की टीम उपविजेता रही. बालक वर्ग कबड्डी में नगरी की टीम विजेता बनी.

### गोपीकांदर पंचायत में मनरेगा अभिलेखों की जांच

**दुमका।** दुमका जिला के गोपीकांदर प्रखंड के गोपीकांदर पंचायत में सोमवार को मनरेगा लोकपाल कल्पना झा ने कार्यालय एवं अभिलेखों की जांच की. हालांकि, पंचायत अंतर्गत चल रही किसी भी मनरेगा योजना का स्थलीय निरीक्षण नहीं किया जा सका. इस संबंध में कल्पना झा ने बताया कि कुछ दिनों के भीतर पंचायत एवं प्रखंड अंतर्गत संचालित योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया जाएगा. यदि जांच के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी पाई जाती है तो कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी. कार्यालय जांच के दौरान प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) पवन कुमार सिंह, सहायक अभियंता सलीम मरांडी, पंचायत सचिव रोबिन हेंब्रम तथा रोजगार सेवक सनातन हांसदा उपस्थित थे.

# सामाजिक अंकेक्षण पारदर्शी तरीके से हो पूरा : डीसी



**शुभम संदेश। बोकारो**

समाहरणालय सभागार में सोमवार को राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं के सामाजिक अंकेक्षण को लेकर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला की अध्यक्षता उपायुक्त अजय नाथ झा ने की. इस कार्यशाला का उद्देश्य सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने की भूमिका को स्पष्ट करना तथा इससे जुड़े अधिकारियों एवं कर्मियों को प्रशिक्षित करना था. इस अवसर पर सहायक निदेशक (सामाजिक सुरक्षा) पियूष, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि, प्रखंड विकास पदाधिकारी, पंचायत सचिव, सामाजिक अंकेक्षण से जुड़े कर्मी एवं अन्य हितधारक उपस्थित थे. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि सामाजिक अंकेक्षण शासन को पारदर्शी और जवाबदेह बनाने का एक सशक्त माध्यम है. उन्होंने प्रतिभागियों को निर्देश दिया कि अंकेक्षण की प्रक्रिया में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो और कार्य समयबद्ध एवं नियमानुसार पूरा किया जाए. प्रत्येक निर्णय तथ्यों और भौतिक सत्यापन के आधार पर लिया जाए. टीम यह भी सुनिश्चित करे कि किसी भी योग्य लाभुक का नाम सूची से न हटे. उन्होंने कहा कि सामाजिक अंकेक्षण का उद्देश्य सुधार करना है, न कि किसी लाभुक को उनके अधिकार से वंचित करना. इसकी सफलता तभी संभव है जब सभी अधिकारी और कर्मचारी ईमानदारी एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करें. उपायुक्त ने जोर देकर कहा कि सामाजिक अंकेक्षण के माध्यम से सरकारी योजनाओं का सही क्रियान्वयन सुनिश्चित होता है तथा जनता को सीधे प्रक्रिया से जोड़कर पारदर्शिता बढ़ाई जाती है. सहायक निदेशक (सामाजिक सुरक्षा) पियूष ने प्रतिभागियों को सामाजिक अंकेक्षण की विस्तृत प्रक्रिया से अवगत कराया. उन्होंने कहा कि सामाजिक अंकेक्षण केवल वित्तीय निगरानी का माध्यम नहीं, बल्कि जनता और प्रशासन के बीच सेतु का कार्य करता है. इससे योजनाओं की गुणवत्ता एवं क्रियान्वयन पर निरंतर नजर रखी जा सकती है. यह व्यवस्था शिकायतों और त्रुटियों की पहचान कर सुधारात्मक कदम उठाने में सहायक होती है. उन्होंने प्रतिभागियों के विभिन्न प्रश्नों का उत्तर देते हुए उनकी शंकाओं का समाधान भी किया. कार्यशाला के क्रम में सहायक निदेशक ने बताया कि सामाजिक अंकेक्षण क्रमवार जिले के सभी प्रखंडों में होगा. जिले के कुल 44,452 लाभुकों का अंकेक्षण होना है. इसके लिए 08 सितंबर से 27 नवंबर तक तिथियां निर्धारित की गई हैं.

### झामुमो ने की चास की समस्याओं पर चर्चा

**बोकारो (शुभम संदेश)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की चास नगर समिति ने मारवाड़ी पंचायत भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष प्रमोद तापड़िया ने की. बैठक को संबोधित करते हुए झामुमो बोकारो महानगर अध्यक्ष मंटू यादव ने कहा कि चास नगर निगम क्षेत्र की सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा. उन्होंने सभी वार्ड अध्यक्षों और सचिवों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने वार्ड से जुड़ी समस्याओं, जैसे बिजली, पानी, सड़क, नाली और जमीन से संबंधित शिकायतों को लिखित रूप में नगर समिति अध्यक्ष को सौंपें. मंटू यादव ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अबुआ सरकार में किसी भी अधिकारी की मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने कहा कि हम हर 15 दिन में नगर निगम, अंचल कार्यालय और बीडीओ कार्यालय जाकर जनता की समस्याओं का समाधान करवाएंगे. यदि कोई अधिकारी कार्य में लापरवाही करता है, तो उसकी शिकायत सीधे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की जाएगी और ऐसे अधिकारियों को जिले से बाहर कर दिया जाएगा. उन्होंने आगे कहा कि अधिकारियों के पास दलाली करने वाले लोग सुधर जाएं, अन्यथा झामुमो कार्यकर्ता उन्हें सुधार देंगे. इस दौरान मंटू यादव ने कार्यकर्ताओं को आगामी नगर निकाय चुनाव के लिए तैयार रहने का निर्देश भी दिया.

# बेंगाबाद में पत्नी के सामने पति की हत्या

## आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस, कई स्थानों पर छापेमारी



**शुभम संदेश। बेंगाबाद (गिरिडीह)**

बेंगाबाद थाना क्षेत्र के मुंडराडीह में रविवार देर रात एक सनसनीखेज वारदात ने पूरे इलाके को दहला दिया. मस्जिद के समीप 30 वर्षीय अनाउल अंसारी की चाकू से गोदकर बेरहमी से हत्या कर दी गई. हत्या का कारण पुराने विवाद और पैसों के लेन-देन से जुड़ा मामला बताया जा रहा है. जानकारी के अनुसार, अनाउल अंसारी अपनी पत्नी लाडली बानो के साथ पुराने घर में भोजन करने के बाद नए घर लौट रहे थे. इसी दौरान घात लगाए बैठे मकसूद अंसारी और उसके परिजनों ने उन पर हमला कर दिया. आरोप है कि बसीर और बसीरन ने अनाउल को जमीन पर दबोच रखा, जबकि मकसूद और उसकी पत्नी ने धारदार हथियार से लगातार वार किए. दो अन्य नकाबपोश हमलावर भी शामिल थे. पत्नी मदद के लिए चीखती-चिल्लाती रही, लेकिन आरोपियों ने बेरहमी से हत्या को अंजाम दिया. गंभीर रूप से घायल अनाउल को सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया.

**चार महीने पहले लौटा था मुंबई से**

मृतक के पिता मो. जमाल अंसारी ने बताया कि अनाउल मुंबई में काम करता था और करीब चार महीने पहले ही गांव लौटा था. उनके अनुसार, यह पूरी तरह से साजिश के तहत की गई हत्या है. तीन छोटे बच्चे और पूरा परिवार बेसहारा हो गया है.

**मामला दर्ज, आरोपियों पर शिकंजा कसने की तैयारी**

घटना की सूचना मिलते ही बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे और जाँच शुरू की. मृतक के पिता के आवेदन पर थाना कांड संख्या 130/2025 दर्ज किया गया है. नामजद आरोपियों में मकसूद अंसारी, उसकी पत्नी, बसीर अंसारी, बसीरन बीबी और रुस्तम अंसारी शामिल हैं.

**दहशत और आक्रोश का माहौल**

इस हत्या से पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश व्याप्त है.

ग्रामीणों ने दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है. पुलिस ने फरार आरोपियों की तलाश में कई स्थानों पर छापेमारी शुरू कर दी है

### छात्र को जेसीबी ने कुचला, मौत

**गावां (गिरिडीह)।** गावां थाना क्षेत्र के गावां–सतगावां पथ पर मंझने गांव में सोमवार को एक तेज रफ्तार जेसीबी की चपेट में आने से 10 वर्षीय छात्र की मौत हो गई. मृतक की पहचान ढढ़कोल निवासी संतोष यादव के पुत्र सोनू कुमार के रूप में हुई है, जो सतगावां के एक विद्यालय छात्रावास में रहकर पढ़ाई करता था. मंगलवार को उसका जन्मदिन था और इसी सिलसिले में वह घर लौट रहा था. मंझने में वाहन से उतरने के बाद जैसे ही वह सड़क पार कर रहा था, तभी तेज गति से आ रही जेसीबी ने उसे कुचल दिया. घटना में उसका सिर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और जेसीबी को वहीं रोक दिया. परिजनों के विलाप से माहौल गमगीन हो गया. मौके पर मौजूद ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने परिजनों को मुआवजा देने की मांग की. सूचना पर पहुंची गावां थाना पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया. इस बीच जेसीबी मालिक और मृतक के परिजनों के बीच वार्ता हुई तथा लिखित आवेदन के जरिए आपसी समझौता कर लिया गया.

# ऑल इंडिया थल सैनिक कैंप में डुमरी के सैम का चयन



**शुभम संदेश। डुमरी (गिरिडीह)**

झारखंड कॉलेज डुमरी के एनसीसी के थर्ड ईयर कैडेट, सीनियर अंडर ऑफिसर सैम सिन्हा ने बटालियन, इंटर-बटालियन, इंटर-ग्रुप एवं झारखंड-बिहार एनसीसी निदेशालय स्तर के प्री-टीएससी की विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता प्राप्त की. इसके आधार पर उनका चयन जजिंग डिस्टेंस एंड फील्ड सिग्नल इवेंट में राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है. अब वे 01 से 12 सितंबर तक दिल्ली में आयोजित होने वाले बारह दिवसीय ऑल इंडिया थल सैनिक कैंप में हिस्सा लेंगे. इस उपलब्धि के लिए उन्हें गोल्ड मेडल से भी सम्मानित किया गया है. उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 में भी कॉलेज के कैडेट अंडर ऑफिसर आलीशान अंसारी का चयन ऑल इंडिया थल सैनिक कैंप के लिए हुआ था. लगातार दूसरी बार इस प्रतिष्ठित कैंप में चयन होने से न केवल सैम ने कॉलेज का नाम गौरवान्वित किया है बल्कि संस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान दिलाई है. सैम ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और एनसीसी पदाधिकारी प्रो. राजेश प्रसाद को दिया है. इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुजीत माथुर, एनसीसी पदाधिकारी प्रो. राजेश प्रसाद, प्रो. घनश्याम प्रसाद, परीक्षा नियंत्रक डॉ. बद्री नारायण प्रसाद, प्रो. तालेश्वर नायक, प्रो. रवींद्र कुमार सिंह, प्रो. मनोज सिंह, प्रो. शंकर ठाकुर, प्रो. उमाशंकर राय, प्रो. मनोज तिवारी, कैलाश चौधरी, रवि सिन्हा समेत सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों ने सैम को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं.

# सीएम से बोकारो को बचाने की गुहार

**शुभम संदेश। बोकारो**



सिटी सेंटर, सेक्टर-4 में बोकारो चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं बोकारो व्यवसायिक प्लॉट होल्डर वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक चेंबर अध्यक्ष राजेंद्र विश्वकर्मा की अध्यक्षता में हुई. बैठक को संबोधित करते हुए श्री विश्वकर्मा ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से औद्योगिक नगरी बोकारो को बचाने की अपील की. उन्होंने कहा कि अब राज्य सरकार को आगे आना होगा, अन्यथा बोकारो स्टील प्लांट अपना औद्योगिक निवेश राज्य से बाहर ले जाएगा, जिससे झारखंड को भारी नुकसान होगा. उन्होंने बताया कि स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने बोकारो स्टील प्लांट में लगभग 20,000 करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई थी. इस दिशा में तकनीकी प्रक्रिया और निविदा आमंत्रण का कार्य भी आगे बढ़ा था, लेकिन राजनीतिक कारणों से इसे रोक दिया गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार यह निवेश राशि दुर्गापुर और बर्नपुर को आवंटित कर दी गई है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है. श्री विश्वकर्मा ने कहा कि औद्योगिक विकास से वंचित बोकारो स्टील प्लांट अब केवल भूखंडों का क्रय-विक्रय, लीज नवीकरण में करोड़ों की मांग तथा लीज/लाइसेंसधारियों से हजारों रुपये की मांग को ही अपना व्यवसाय बना लिया है. स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि अब प्रबंधन पार्किंग शुल्क के नाम पर भी जबरन वसूली कर रहा है. उन्होंने बताया कि सिटी सेंटर पार्किंग के नाम पर कुल 7,91,072 रुपये लेकर एक पार्किंग ठीकेदार नियुक्त किया गया है. यह ठीकेदार अब सिटी सेंटर में प्लॉटधारियों, दुकानदारों, मकान मालिकों, नगरवासियों और कर्मचारियों से पार्किंग शुल्क वसूल कर बोकारो स्टील प्लांट को देगा. इस निर्णय से टकराव की स्थिति पैदा हो रही है और आने वाले दिनों में बड़ी घटना की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता. बोकारो प्रबंधन की नीतियों से प्लॉटधारी, लीजधारी, आवासधारी और लाइसेंसी दुकानदार सभी परेशान हैं. लगातार औद्योगिक गिरावट झेल रहे बोकारोवासी अब प्रबंधन की इस जबरन वसूली को सहन करने की स्थिति में नहीं हैं.

# एलआईसी के 69वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

## बीमाधारकों का विश्वास और एलआईसी की प्रतिबद्धता भारत को मजबूत करेगा : धर्म प्रकाश

**शुभम संदेश। गिरिडीह**



भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का 69वां स्थापना दिवस स्थानीय कार्यालय में मनाया गया. इस अवसर पर बीमा कर्मचारी संघ, हजारीबाग मंडल (गिरिडीह बेस) के सचिव धर्म प्रकाश ने प्रेस वार्ता में कहा कि 1 सितंबर 2025 को एलआईसी अपनी गौरवशाली यात्रा के 69 वर्ष पूरे कर रहा है. इस मौके पर बीमाधारकों, कर्मचारियों, अधिकारियों, विक्रय वाहिनी सहित आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा के प्रति समर्पित सभी नागरिकों को शुभकामनाएं दी गईं. धर्म प्रकाश ने बताया कि 1 सितंबर 1956 को 245 से अधिक निजी बीमा कंपनियों का अधिग्रहण कर 5 करोड़ रुपए की पूंजी से एलआईसी की स्थापना हुई. स्थापना के समय से ही निगम ने सरकार के मूल उद्देश्य जनता का पैसा, जनता के कल्याण के लिए का शत-प्रतिशत पालन किया. उन्होंने जानकारी दी कि 31 मार्च 2025 तक एलआईसी ने जनता के कल्याण हेतु 54.52 लाख करोड़ रुपए का निवेश आवास, बिजली, सिंचाई, सड़क, रेलवे, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में किया. 69 वर्षों की यात्रा में निगम ने 56.22 लाख करोड़ रुपए की मजबूत वित्तीय परिसंपत्ति अर्जित की है. अपने 100 करोड़ पूंजी आधार पर एलआईसी ने अब तक 38,000 करोड़ रुपए लाभांश के रूप में भारत सरकार को दिया है. 20 जनवरी 2025 को एलआईसी ने 24 घंटे में 5,88,160 पॉलिसियां बेचकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया. वर्ष 2025 में एलआईसी दुनिया का तीसरा सबसे मजबूत बीमा ब्रांड बनकर उभरा. धर्म प्रकाश ने बताया कि इस विकास यात्रा में अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ का महत्वपूर्ण योगदान रहा है. संघ ने एलआईसी के विनिवेश का पुरजोर विरोध किया है. उनका कहना था कि यदि निगम का पुनः विनिवेश किया जाता है तो इसका प्रतिकूल असर बीमाधारकों और देश की जनता पर पड़ेगा. संयुक्त सचिव अनुराग मुर्मू ने कहा कि एलआईसी हमारे संघ की विचारधारात्मक प्रतिबद्धता है और हम केंद्र सरकार की निगम विरोधी नीतियों का विरोध करते रहेंगे. वहीं, संयुक्त सचिव विजय कुमार और राजेश कुमार उपाध्याय ने कहा कि जीवन बीमा पॉलिसी लोगों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है, इसलिए बीमा प्रीमियम पर जीएसटी नहीं लगाया जाना चाहिए. प्रेस वार्ता में सचिव धर्म प्रकाश, उपाध्यक्ष कुमकुम बाला वर्मा और उमानाथ झा, संयुक्त सचिव अनुराग मुर्मू, विजय कुमार और श्वेता उपस्थित थे.

## न्यूज अपडेट

### वाहन से 700 से अधिक बोतल और पाउच बरामद

**पथरगामा (शुभम संदेश)।** अवैध अंग्रेजी शराब की तस्करी में शामिल एक वाहन को पथरगामा पुलिस ने पकड़ा और उसमें लदी सैकड़ों बोतल व पाउच बरामद किए. एसडीपीओ गोड्डा अशोक कुमार प्रियदर्शी ने बताया कि बीती रात पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पथरगामा थाना प्रभारी मनोहर कुमार द्वारा एंटी-क्राइम वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था. इसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर सुंदर नदी के पास एक सफेद रंग की ग्रैंड एक्स सूमो (संख्या पीबी 02 बीजी 9494) को रुकने का संकेत दिया गया. वाहन चालक ने गाड़ी कुछ दूर आगे रोक दी और चालक व एक अन्य व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए. तलाशी के दौरान वाहन से 20 पेटियां बरामद हुईं. इनमें 180 एमएल वाले रॉयल स्टैग ब्रांड के कुल 480 पाउच, 375 एमएल वाले रॉयल गोल्ड कप एक्स्ट्रा स्मूथ व्हिस्की के 168 बोतल (जिनमें से 6 टूटे हुए थे) और 375 एमएल वाले इंपीरियल ब्लू ब्रांड के 72 बोतल शामिल थे. कुल मिलाकर 246 बोतल और 480 पाउच अवैध शराब, जिसकी कीमत लाखों रुपये आंकी गई है, जब्त की गई. पुलिस ने बताया कि यह माल झारखंड से बिहार सीमा की ओर तस्करी कर ले जाया जा रहा था. छापेमारी दल में थाना प्रभारी मनोहर कुमार के अलावा पुलिस अवर निरीक्षक योगेश प्रसाद यादव, सहायक अवर निरीक्षक ज्योति तिवारी, अनिल कुमार, हवलदार परमेश्वर प्रसाद, आरक्षी विजय कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे. मौके पर पुलिस निरीक्षक विष्णुदेव चौधरी भी मौजूद थे.

### मानकडीहा में 51 वर्षों से हो रही है मनसा पूजा

**जमुआ (शुभम संदेश)।** जमुआ प्रखंड क्षेत्र के मानकडीहा में माँ मनसा पूजा के अवसर पर सोमवार को भव्य मेले का आयोजन किया गया. ज्ञात हो कि वर्ष 1974 से यहां मनसा पूजा की शुरुआत हुई थी. क्षेत्र के नामी ओझा टेको ठाकुर, जो झाड़-फूंक और साँपों के इलाज के लिए प्रसिद्ध थे, उन्होंने ही 51 वर्ष पूर्व मनसा मंडप की स्थापना कर इस पूजा की शुरुआत की थी. मनसा पूजा सिंह नक्षत्र में संपन्न होती है. यह पांच दिवसीय कार्यक्रम है, जिसमें 'विषहरी' के लिए लोग कई गांवों में जाते हैं और चंदा इकट्ठा करते हैं. पूजा में होने वाले सभी खर्च सामूहिक रूप से ग्रामीणों के चंदा से पूरे किए जाते हैं. मेले में दूर-दूर से लोग माँ मनसा का दर्शन करने आते हैं और अपनी मन्नतें मांगते हैं. पूजा को पंडित बिनोद कुमार पांडेय विधि-विधान से संपन्न कराते हैं. कार्यक्रम को सफल बनाने में अर्जुन ठाकुर, सहदेव ठाकुर, रामजी ठाकुर, रघुनंदन राम, सदानंद राम, कृष्ण कुमार राम, उमेश कुमार गुप्ता, संतोष कुमार, अंजनी कुमार, जागेश्वर बैठा, बासुदेव ठाकुर, विजय ठाकुर, राजेश ठाकुर, सुधीर रजक, हरदयाल बैठा, चांदो बैठा और महेंद्र बैठा सहित कई लोगों का योगदान रहा.

### किसानों को मिला प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण

**गांडेय (शुभम संदेश)।** गांडेय प्रखंड के पंचायत भवन, उदयपुर में सोमवार को अभिव्यक्ति फाउंडेशन गिरिडीह एवं जीआईसीआरई मुंबई के तत्वावधान में तीन दिवसीय प्राकृतिक एवं पर्यावरण संरक्षित खेती करने का प्रशिक्षण शुरू हुआ. प्रशिक्षक गोकुल प्रसाद ने किसानों को जैविक खेती के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि रासायनिक खाद और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी और पानी दूषित हो रहे हैं. इससे खेतों की उर्वरक शक्ति नष्ट हो रही है और मिट्टी में मौजूद सूक्ष्म कीटाणु, केंचुआ तथा जलीय जीव-जंतु विलुप्त हो रहे हैं, जिसका सीधा असर मानव जीवन पर पड़ रहा है. उन्होंने बताया कि प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर हम जमीन की उर्वरक शक्ति को बचा सकते हैं. एक देशी गाय के गोबर से लगभग 2 एकड़ जमीन पर जैविक खेती की जा सकती है. अभिव्यक्ति फाउंडेशन के फील्ड अफसर भीम प्रसाद सिंह ने कहा कि प्राकृतिक खेती अपनाने से मिट्टी और पानी के साथ-साथ फसल भी स्वस्थ होती है. इसके परिणामस्वरूप जीव-जंतु और मानव जाति भी स्वस्थ रहेंगे. प्रशिक्षण में उपस्थित किसानों में बसंती मुर्मू, शांति बास्की, गणेश मुर्मू, रुपानी टुडू, मुनि देवी, विष्णु वर्मा और छोटेलाल वर्मा शामिल थे.

### केदला के मांझी हड़ाम गोविंद मुर्मू का निधन

**कसमार (शुभम संदेश)।** कसमार प्रखंड के केदला निवासी मांझी हड़ाम गोविंद मुर्मू (70 वर्ष) का सोमवार को निधन हो गया. वे कुछ समय से अस्वस्थ थे और गोला के अस्पताल में इलाजरत थे. लगभग बीस वर्ष पूर्व विपरीत परिस्थितियों में उन्होंने गांव में मांझी हड़ाम का पद ग्रहण किया था. कठिन समय में भी वे समुदाय और परंपरा के प्रति अडिग रहे. उनके मार्गदर्शन में कई परंपरागत आयोजन और सामाजिक निर्णय सफलतापूर्वक संपन्न हुए. उनके निधन से गांव और आसपास के क्षेत्रों में गहरा शोक छा गया है. उनके परिवार में केवल तीन पुत्रियां हैं, पुत्र नहीं है. उनके निधन पर झारखंड आंदोलनकारी देवशरण हेंब्रम, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष दिलीप कुमार हेंब्रम, जगेश्वर हेंब्रम, महेश हेंब्रम, गणेश मांझी, जगदीश मांझी, नरेश करमाली, रूपचंद हेंब्रम, धनेश्वर मुर्मू, रामलाल बेसरा, जितेंद्र सोरेन, राजेश टुडू, जितेंद्र किस्कू, भोला सोरेन, कैलाश टुडू, रामदास टुडू, रामकुमार मुर्मू, शिकारी सोरेन, गंगाराम किस्कू, कोलेश्वर किस्कू, श्यामलाल हेंब्रम, काशीनाथ हेंब्रम, रामदास मुर्मू, राजबल मुर्मू, अनिल मुर्मू, जितेंद्र मुर्मू, रामेश्वर मुर्मू, दशरथ टुडू, भूपेंद्र हेम, मनोज हेंब्रम, पवन हेंब्रम सहित अनेक लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया. सोमवार शाम को स्थानीय श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया.

### करम परब हमारी संस्कृति की धरोहर : जयराम

**डुमरी (शुभम संदेश)।** झारखंड भाषा खतियानी संघर्ष समिति द्वारा सोमवार को केबी उच्च विद्यालय के मैदान में जबर करम अखड़ा का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समिति एवं जेएलकेएम सुप्रीमो सह डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो शामिल हुए. कार्यक्रम की शुरुआत करमेती बहनों द्वारा जावा करम डाल की विधिवत पूजा-अर्चना और करम गीत के साथ जावा जगाने से हुई. इसके बाद करम अखड़ा में ढोल-नगाड़े और मांदर की थाप पर करम व्रतियों ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया. सृजन थीम पर आधारित इस करम अखड़ा में विधायक ने करमा पर्व एवं इसकी सांस्कृतिक महत्ता पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि करम परब झारखंड का प्रमुख पर्व है, जो हमारी सभ्यता, संस्कृति और परंपरा को गतिशील रखने की सीख देता है. यह हमारे पूर्वजों की धरोहर है. अपनी भाषा और संस्कृति को जीवित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है. कार्यक्रम का संचालन केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष मोतीलाल महतो ने किया. विधायक के आगमन पर करम व्रतियों ने ढोल-नगाड़े और मांदर की थाप के साथ उनका स्वागत किया.

### काव्य गोष्ठी में जुटे शहर के कलमकार

**बोकारो (शुभम संदेश)।** संस्कार साहित्य कला मंच की काव्य गोष्ठी में शहर के कलमकारों का जुटान हुआ. सेक्टर-6 में आयोजित इस कार्यक्रम में काव्य रस की सरिता प्रवाहित होती रही. कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ, जिसे कस्तूरी सिन्हा ने प्रस्तुत किया. काव्य गोष्ठी का उद्घाटन मुख्य अतिथि जयप्रकाश पांडे ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. उन्होंने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण है. मंच के संस्थापक अंकित उपाध्याय एवं अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र कुमार राय ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि संचालन नीलम झा ने किया. गोष्ठी में उपस्थित कवियों ने हास्य-व्यंग्य, प्रेम, विरह, मातृत्व, द्वेष, सामाजिक और विविध विषयों पर काव्य पाठ कर कार्यक्रम को जीवंत बनाए रखा. डॉ. नरेंद्र कुमार राय ने "आपस में प्रेम से रह...", कस्तूरी सिन्हा ने "नैना भरे हुए आँसुओं से...", ज्योति वर्मा ने "तेरे ख्यालों में", अमृता शर्मा ने "समाधान", काजल भलोटिया ने "आसान नहीं होता", गंगेश कुमार पाठक ने मैथिली कविता "मित्र क समाद", रीना यादव ने "फूलों के गांव में", रजत नाथ ने "तब तुम याद आती हो", रिंकू गिरि 'रतन' ने "शिकायत", गीता कुमारी 'गुस्ताख' ने "मन की पीर ना जग जाने है", सुप्रिया कुमारी 'सरस' ने "जुग्नू नहीं, सूर्य बनो", डॉ. आशा पुष्प ने "मैं ने तो प्यार की दुनिया में कदम रखा है...", अंकित उपाध्याय ने "रंगोली शहीदों की याद में", सोनी कुमारी ने "प्यार तेरा मेरा", करुणा कलिका ने "मैं अध्यासी अश्कों की हूँ", क्रांति श्रीवास्तव ने "मैं झारखंड हूँ", संजू कुमारी ने "पिता कौन और कैसे होते", अरुण कुमार ने "हम हैं बिहारी", कोमल ने "मेरा भीगा मन" और अनिल कुमार श्रीवास्तव ने "तपोवन – कुछ कोमल एहसास" प्रस्तुत किए. अंत में सभी कवियों को सम्मान-पत्र एवं भगवद गीता भेंटकर सम्मानित किया गया. यह आयोजन साहित्य प्रेमियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव साबित हुआ.

### अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए चला अभियान

**पथरगामा (शुभम संदेश)।** पथरगामा प्रखंड मुख्यालय की मुख्य सड़क को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी अंचलाधिकारी नितेश कुमार गौतम की देखरेख में अभियान चलाया गया. इसके लिए पूर्व में ही उन्होंने स्थानीय दुकानदारों के साथ बैठक कर स्पष्ट कर दिया था कि सड़क किनारे किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. दुकानदारों को समय रहते स्वेच्छा से अतिक्रमित जगह खाली करने की चेतावनी दी गई थी और 1 सितंबर की अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी. निर्धारित समय तक अतिक्रमण नहीं हटाने वाले दुकानदारों की जगह प्रखंड प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर खाली कराई. सुबह से ही बीडीओ और थानेदार सड़क पर मौजूद रहकर कार्रवाई की मॉनिटरिंग करते रहे. कलाली मोड़ से सोनारचक मोड़ तक सड़क किनारे किए गए सभी अतिक्रमण को प्रशासन ने सख्ती से हटवाया. बीडीओ नितेश कुमार गौतम ने कहा कि अतिक्रमण हटाने का निर्णय जनहित एवं सुचारू यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए लिया गया है. उन्होंने छोटे-बड़े सभी व्यापारियों और फुटकर विक्रेताओं को प्रशासन के साथ सहयोग के लिए धन्यवाद दिया.

# ओपीडी, डायलिसिस सहित अन्य सेवाओं में सदर अस्पताल ने की 207% प्रगति

## औसतन 571 लोग प्रतिदिन पहुंच रहे हैं अस्पताल, 3 माह में ओपीडी में पहुंचे 30477 मरीज

**खास बातें**

- 2372 लोगों ने कराया डायलिसिस, 8289 सैंपल की टेस्टिंग, 541 नॉर्मल डिलीवरी



**शुभम संदेश। धनबाद**

सदर अस्पताल के सुदृढ़ीकरण में उपायुक्त आदित्य रंजन के सतत प्रयास, प्रोत्साहन, समीक्षा एवं निगरानी के बाद सदर अस्पताल ने तीन माह में जिले के लोगों को सेवा प्रदान करने में 207 प्रतिशत प्रगति की है. व्यवस्था में लगातार सुधार होने के कारण औसतन 571 लोग प्रतिदिन अस्पताल पहुंच रहे हैं. जून महीने में 10620 लोग सदर अस्पताल में विभिन्न इलाज के लिए आए. जून महीने में यह आंकड़ा 19916 हुआ. जबकि अगस्त महीने में 207% की प्रगति के साथ 22013 लोग सदर अस्पताल में विभिन्न इलाज के लिए पहुंचे. इन तीन महीनों में कुल 52549 लोगों ने अस्पताल में विभिन्न तरह का इलाज कराया. जून महीने में जहां 6797 ओपीडी, 701 डायलिसिस, 100 नॉर्मल डिलीवरी, 1544 सैंपल टेस्टिंग व अन्य चिकित्सा के लिए 10620 व्यक्ति पहुंचे. वहीं जुलाई महीने में ओपीडी की संख्या 11812 हुई. 822 लोगों ने डायलिसिस करवाया. 212 नॉर्मल डिलीवरी हुई तथा 2724 सैंपल की टेस्टिंग के साथ 19916 लोग अस्पताल आए. जबकि अगस्त महीने में ओपीडी में आने वालों की संख्या 11868 पहुंच गई, 849 लोगों ने डायलिसिस कराया. 229 नॉर्मल डिलीवरी हुई. 4031 सैंपल की टेस्टिंग के साथ 22013 लोग अस्पताल आए. जून महीने में आईपीडी में 847, जुलाई में 2311 तथा अगस्त में यह आंकड़ा 2948 पहुंच गया. सी सेक्शन (एलएससीएस) में विगत तीन माह में 386, दंत चिकित्सा में 426, जबकि 1060 लोगों की ड्रेसिंग की गई. एमटीसी में 2005 का उपचार कर पौष्टिक आहार दिया गया. जून, जुलाई एवं अगस्त महीने में डिस्चार्ज होने वालों की संख्या 1111 रही. जून महीने में 229, जुलाई में 423 तथा अगस्त महीने में 459 लोग अस्पताल से सफल इलाज के बाद डिस्चार्ज हुए.वहीं एसएनसीयू में 78, डीसीएचसी में 6 तथा 12 मरीजों के बीच आयुष्मान किट का वितरण किया गया.आपातकालीन सेवा में जून महीने में 16, जुलाई में 10, अगस्त में 12 सहित 38 लोगों का इलाज किया गया. विगत तीन माह में 9 लोगों की परिवार नियोजन, 3 की ऑर्थोपेडिक, 42 मेजर व 104 माइनर सर्जरी की गई.सदर अस्पताल की प्रगति पर हर्ष व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने बताया कि जिले वासियों को श्रेष्ठ स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है. उन्होंने कहा कि अब सदर अस्पताल में लिवर प्रोफाइल, किडनी प्रोफाइल, लिपिड प्रोफाइल, पैंक्रियाटिक एंजाइम, सीरम कैल्शियम, एलडीएच तथा हेमेटोलॉजी के विभिन्न टेस्ट निःशुल्क कराने की सुविधा उपलब्ध है. इसके लिए अस्पताल की लेबोरेट्री को आधुनिक रूप प्रदान किया गया है. अस्पताल में उच्च गुणवत्ता के बायोकेमेस्ट्री सेमी ऑटोमेटिक एनालाइजर, इलेक्ट्रोलाइट एनालाइजर, एचडी बायो सेंसर, एलाइजा मशीन, कंपलीट ब्लड काउंट के दो मशीन उपलब्ध है. अस्पताल में हड्डी रोग, फिजिशियन, सर्जरी, नेत्र, दंत रोग, शिशु रोग, मनोरोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, फिजियोथेरेपी तथा ईएनटी स्पेशलिस्ट उपलब्ध है. इसके अलावा गायनी इमर्जेंसी व जेनरल इमर्जेंसी में तीन शिफ्ट में चिकित्सक उपलब्ध रहते हैं.

# दुर्गा पूजा से पहले दुरुस्त हों स्ट्रीट लाइटें : राज सिन्हा



**शुभम संदेश। धनबाद**

झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने सोमवार को धनबाद समाहरणालय में उपायुक्त आदित्य रंजन से भेंट कर आगामी दुर्गा पूजा के मद्देनजर जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की और त्योहार से संबंधित समस्याओं के त्वरित समाधान करने की मांग की. विधायक ने शहर की जर्जर सड़कों की मरम्मत, पेयजल की समुचित व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन को दुरुस्त करने, स्ट्रीट लाइट्स की मरम्मत और दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण व सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया. उपायुक्त ने सभी प्रमुख पूजा पंडालों और मार्गों का शीघ्र निरीक्षण करने का आश्वासन दिया. उन्होंने मौके पर ही मार्गों की मरम्मत के लिए कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिए और आश्वस्त किया कि समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया जाएगा. राज सिन्हा ने शहर में आवारा पशुओं से होने वाली समस्याओं का मुद्दा भी उठाया. उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा में अभी पर्याप्त समय है, इसलिए आम लोगों को होने वाली परेशानियों का समाधान अभी से करना आवश्यक है, ताकि दुर्गा पूजा के दौरान धनबादवासियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो. अब निगम और अन्य विभागों की जिम्मेदारी है कि इन समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें.

## श्री श्री रामदेवपीर बापा की जयंती में बहेगी भजनों की गंगा

**धनबाद (शुभम संदेश)।** श्री कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज ट्रस्ट, धनबाद, श्री केजीके समाज महिला मंडल, युवा मंडल एवं अन्य भजन मंडलों के संयुक्त प्रयास एवं सहयोग से श्रीश्री रामदेवपीर बापा की जयंती मंगलवार एवं बुधवार को बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनायी जाएगी. समाज के अध्यक्ष नरेशभाई हरिलाल चावड़ा ने बताया कि मंगलवार को बालमुकुंदभाई रतिलाल वेगड़ के निवास स्थान, हारमनी हाइट्स, हाजरा अस्पताल के बगल में, टेलीफोन एक्सचेंज रोड, धनबाद में दोपहर 3 से 4 बजे तक भजनों का आयोजन होगा और शाम 5 बजे उनके निवास से श्री कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज भवन तक एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी. शाम 5.30 बजे श्री श्री रामदेवपीर बापा की समाज भवन में पूजा-पाठ, आरती और इसके बाद भजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा.मध्य रात्रि 12 बजे श्री रामदेवपीर बापा की जयंती और महाआरती की जाएगी. वहीं बुधवार को सुबह 9:00 बजे से आरती और रास गरबा के बाद दोपहर 12:00 बजे से महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा.

# डीआरएम कार्यालय में समापक भुगतान समारोह



**शुभम संदेश। धनबाद**

धनबाद मंडल में अगस्त माह 2025 में सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों का समापक भुगतान किया गया. इस माह में कुल 25 सेवानिवृत्ति के मामले आए थे, जिनमें सभी कर्मचारियों का समापक भुगतान कर दिया गया है. विदित हो कि धनबाद मंडल में सेवानिवृत कर्मचारियों के समापक भुगतान को प्राथमिकता दी जाती है. मंडल प्रशासन सेवानिवृत कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है.उल्लेखनीय है कि धनबाद मंडल में सेवानिवृत कर्मचारियों के समापक भुगतान की प्रक्रिया को सरल और तेज बनाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं. मंडल प्रशासन सेवानिवृत कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए हमेशा तैयार रहता है. इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र द्वारा सेवानिवृत कर्मचारियों को सम्मानित किया गया एवं उनकी सेवाओं के लिए धन्यवाद दिया गया और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं गई. इस अवसर पर मंडल के अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे.

## भक्त के हृदय में बसते हैं भगवान : गिरधारी कृष्ण

**निरसा बाजार (शुभम संदेश)**। भक्त के हृदय में बसते हैं भगवान. भक्त के लिए भगवान को पृथ्वी पर अवतरित होना पड़ता है. भक्त की रक्षा के लिए भगवान स्वयं आते हैं. उक्त बातें हरिया जाम कॉलोनी स्थित श्री राधा गोविंद मंदिर में आयोजित भागवत कथा के दूसरे दिन कथा वाचक गिरधारी कृष्ण जी महाराज ने कही. इस दौरान उन्होंने भारत एवं पहला चरित्र पर व्याख्यान दिया. उन्होंने कहा की प्रहलाद ठाकुर जी के बहुत ही प्रिय भक्त थे. भगवान श्री कृष्ण ऐसे देव हैं जो भक्त के हृदय में और विरोधी के बुद्धि में बसते हैं. भागवत ही सब वेदों का सार है. उक्त अवसर पर सुंदर झांकी निकाली गई, जिसको देख भागवत श्रोता मन मुग्ध हो गए. मौके पर सागर, राजो देवी ,भागीरथ लाहा, लालू साव, तड़ित चंद्र, बृजभूषण शर्मा, आयुष शर्मा, राजकुमार झा, चितरंजन सिंह, सीताराम गोयल, प्रसनजीत मंडल, संजय तायल, हरिराम अग्रवाल इत्यादि मौजूद थे.

# ट्रांसपोर्ट गोदाम में चोरी, 12 लाख का कपड़ा ले गए चोर



**शुभम संदेश। केंदुआ**

अपराधियों ने सुनियोजित तरीके से ट्रांसपोर्ट कम्पनी ईटा लॉजी सॉल्यूशन के गोधर स्थित गोदाम का ताला तोड़ करीब 12 लाख रुपये कीमत का 38 कपड़ा का गांठ चुरा लिया. चोरी की वारदात धनबाद-बोकारो मुख्य सड़क के किनारे गोधर पेट्रोल पंप के निकट हुई.सुबह खबर पाकर केंदुआडीह थाना के इंस्पेक्टर प्रमोद पांडेय, सबइंस्पेक्टर हसरत जमाल ने घटना स्थल की जांच की. गोदाम के अंदर या बाहर कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा था. पूर्व के गोदाम संचालक ने कैमरा खोल लिया था. चोरी गए कपड़ों में साड़ी व थान के कपड़े थे. गोदाम में सूरत, बालोतरा व अन्य शहरों से मंगाए गए करीब 178 गांठ कपड़े रखे हुए रहे हैं. दिल्ली की कम्पनी ने फरवरी में ही गोदाम खोला था. प्रबन्धक सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि रात सात बजे आसनसोल से आए माल को अंदर कर गोदाम बन्द कर दिया गया था. रात में अपराधियों ने गोदाम के सामने के गेट में लगे पांच ताला तोड़ डाले. वारदात में सम्भवतः आधा दर्जन अपराधियों की संलिप्तता हो सकती है.अपराधी गोदाम के अंदर पिकअप वैन घुसा कर माल लोड कर भाग निकले. कपड़े की गांठ के साथ तीन बिल्टी व बिल के पेपर फाइल ले गए. इससे आशंका जताई जा रही है कि चोरी की वारदात ट्रांसपोर्ट से जुड़े किसी कारोबारी ने सुनियोजित तरीके से चोरी को अंजाम दिया है. प्रबन्धक ने चोरी की शिकायत केंदुआडीह थाना में की है. इधरअलकुसा स्थित आदर्श कॉन्वेंट स्कूल में चोरों ने स्कूल से 37 हजार रुपये की टीवी,मॉनिटर व अन्य सामान चोरी कर ली है.

## आसनसोल

# गणेश विसर्जन के बाद दो गुटों में हिंसक झड़प, आधा दर्जन घायल



**शुभम संदेश। कुल्टी**

नियामतपुर फाड़ी अंतर्गत मिठानी बस्ती में गणेश पूजा विसर्जन के बाद दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना सामने आई है. इस झगड़े में छह से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें एक महिला और एक विकलांग व्यक्ति भी शामिल हैं. घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जिसके बाद वे नियामतपुर फाड़ी में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे. पीड़ित पक्ष के रजनी केवट और साजन केवट ने आरोप लगाया कि राजकुमार केवट, सूरज केवट, विशाल केवट और शुभम यादव, जो कि बीजेपी से जुड़े हुए लोग हैं, ने रंजिशन हमला किया. उनका कहना है कि इन लोगों ने उन्हें एक राजनीतिक कार्यक्रम में शामिल न होने के कारण निशाना बनाया और धारदार हथियार व लाठियों से हमला किया.पीड़ितों का आरोप है कि हमला पहले विसर्जन के दौरान और फिर अगले दिन सुबह भी दोहराया गया. इस घटना से इलाके में तनाव का माहौल है. स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो.

### गणेश पूजा महोत्सव मेला बना एकता का प्रतीक

**बराकर।** बलतोड़िया युवा संघ द्वारा आयोजित 31वें श्री श्री गणेश पूजा महोत्सव के अवसर पर स्थानीय भाजपा विधायक डॉ. अजय पोद्दार को सम्मानित किया गया. पूजा कमिटी के सचिव चंदन राम द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ और साल भेंट कर सम्मानित किया गया. महोत्सव के दौरान विधायक पोद्दार ने बाबा गणेश की पूजा-अर्चना की और मेले का आनंद लिया. उन्होंने बलतोड़िया के युवाओं और बुजुर्गों की सराहना करते हुए कहा कि यह मेला सांस्कृतिक एकता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है. उन्होंने कहा कि एक समय था जब संसाधन सीमित थे, फिर भी गांववाले पूरे उत्साह से मेला आयोजित करते थे. आज भी उसी परंपरा को युवाओं ने जीवंत रखा है. इस अवसर पर भाजपा पार्षद ललन मेहरा, गोविंद माजी, अमर सिंह, श्रीराम सिंह, पिंटू प्रियदर्शनी और दसरथ यादव समेत कई गणमान्य अतिथियों को मंच पर सम्मानित किया गया. मेला इंचार्ज सूरज राम की विधायक ने विशेष रूप से सराहना की और कहा कि उनके अथक प्रयासों से यह आयोजन सफल हुआ है. कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव चंदन राम, गैतम, सूरज, अंकुश मंडल सहित सभी युवा सदस्यों का अहम योगदान रहा. मौके पर बराकर पुलिस प्रशासन की सक्रिय भागीदारी भी देखने को मिली.

# सांप के काटने से महिला की मौत



**शुभम संदेश। पुरुलिया**

बांदोयान थाना क्षेत्र के रोलाडी गांव की 45 वर्षीय भवानी महतो की सांप के काटने से मौत हो गई.घटना से गांव में मातम है. मृतका के पति रामचंद्र महतो ने बताया कि सोमवार रात उनकी पत्नी को घर के अंदर ही एक जहरीले सांप ने डस लिया. परिजनों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें तुरंत बांदोयान प्रखंड प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. चिकित्सक डॉ. रंजन गुहा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बरसात के समय ऐसे मामले आम हो जाते हैं. उन्होंने लोगों से सतर्कता बरतने की अपील करते हुए कहा कि घर के आसपास सफाई रखें, घास-फूस हटाएं, रात में मच्छरदानी का उपयोग करें और सांप के काटने पर तुरंत अस्पताल पहुंचें. बांदोयान प्रखंड प्रशासन ने बताया कि चालू मानसून में साँपों का प्रकोप बढ़ गया है. इसे देखते हुए विभिन्न गांवों में जागरूकता अभियान चलाने की योजना बनाई गई है. स्वास्थ्यकर्मी, आशा कार्यकर्ता एवं पंचायत प्रतिनिधियों की मदद से पर्चे बांटे जाएंगे, सभा आयोजित की जाएगी और प्रचार वैन के माध्यम से लोगों को सचेत किया जाएगा.

### सड़क हादसा में एक की मौत- तीन घायल

**पुरुलिया।** नितुरिया थाना क्षेत्र के पुआपुर मोड़ पर रविवार की शाम एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. मृतक की पहचान सांतुरी थाना क्षेत्र के पोराडीहा निवासी देबू हेम्ब्रम (50) के रूप में हुई है. पुलिस सूत्रों के अनुसार, देबू हेम्ब्रम अपनी पत्नी के साथ मोटरसाइकिल से चालमारा गांव से लौट रहे थे, तभी उनकी बाइक की सामना-सामनी टक्कर दूसरी बाइक से हो गई. टक्कर इतनी भीषण थी कि चारों सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए. स्थानीय लोगों ने तत्काल घायलों को हरमाडीह ग्रामीण अस्पताल पहुंचाया, जहां देबू हेम्ब्रम को मृत घोषित कर दिया गया. उनकी पत्नी की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें दुर्गापुर के निजी अस्पताल में स्थानांतरित किया गया है, वहीं दूसरी बाइक पर सवार दोनों व्यक्तियों को आसनसोल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है.नितुरिया थाना पुलिस ने मामले को अप्राकृतिक मृत्यु के रूप में दर्ज किया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है.

# कॉमरेडों की 37वीं शहादत पर नितुरिया में जनसभा



**शुभम संदेश। पुरुलिया**

नितुरिया के महेशनदी चेकपोस्ट मैदान में सोमवार को आयोजित एक विशाल जनसभा में 30 अगस्त 1989 को शहीद हुए चार माकपा कार्यकर्ताओं – माथुर, नागिन, लुबोध और गोबर्धन बाउरी की 37वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई. गौरतलब है कि 1989 में बोफोर्स घोटाले के विरोध में भारत बंद के दौरान, इन चारों कार्यकर्ताओं की बिहार पुलिस और झारखंडी दस्तों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. इस हत्याकांड को माकपा अब भी शहादत का प्रतीक मानती है और हर वर्ष इसे स्मृति दिवस के रूप में मनाती है. इस वर्ष की सभा में पार्टी की केंद्रीय समिति सदस्य मीनाक्षी मुखर्जी, जिला सचिव प्रदीप रॉय, बिमलेंदु कोनार, धनबाद पार्टी नेता गणेश धर, मदन मंडल समेत कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे. सभा की अध्यक्षता मदन मंडल ने की. कार्यक्रम में शहीदों की स्मृति में तीन श्रेणियों में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विजेताओं को मीनाक्षी मुखर्जी द्वारा सम्मानित किया गया. जनसभा में भारी संख्या में स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही, जिन्होंने मीनाक्षी मुखर्जी का जोरदार स्वागत किया.

## पुलिस दिवस पर 50 क्लबों को बांटे फुटबॉल

**सांकतोड़िया (शुभम संदेश)।** आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के कुल्टी थाना अंतर्गत सकतोड़िया फाड़ी परिसर में सोमवार को पुलिस दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें फाड़ी प्रभारी शेख रियाजुद्दीन की पहल पर 50 क्लबों को फुटबॉल वितरित किए गए. कार्यक्रम में तृणमूल कांग्रेस के राज्य सदस्य उज्ज्वल चटर्जी, वरिष्ठ नेता डॉ. सुबल चक्रवर्ती, अल्पसंख्यक नेता अमजद अंसारी, दुलाल चक्रवर्ती, अपराजित दा समेत कई प्रमुख नेता मौजूद रहे. सभी अतिथियों को मंच पर सम्मानित किया गया.फाड़ी प्रभारी शेख रियाजुद्दीन ने कहा कि हर साल 1 सितंबर को हम पुलिस दिवस मनाते हैं, जिसमें समाजसेवा के विविध कार्यों को प्राथमिकता दी जाती है. इस बार युवाओं को खेलकूद के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से फुटबॉल वितरण का आयोजन किया गया है. क्लबों के युवा सदस्यों ने इस पहल की सराहना की. कार्यक्रम के अंत में केक काटकर पुलिस दिवस की शुभकामनाएं दी गईं और सामूहिक रूप से समाज में सहयोग और सुरक्षा की भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया.

# नितुरिया में मनाया गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश पर्व



**शुभम संदेश। पुरुलिया**

नितुरिया। नितुरिया प्रखंड के पारबेलिया स्थित गुरुद्वारा साहब में रविवार को श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का पहला प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में संगत एकत्रित हुई और गुरु का लंगर वितरित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरुद्वारा साहब के प्रधान स. मलकीत सिंह ने की. उन्होंने बताया कि पिछले सात दिनों से प्रभात फेरी, अखंड पाठ और संगत सेवा की जा रही थी, जिसकी समाप्ति रविवार को विशाल समागम के साथ की गई.इस धार्मिक अवसर पर पंजाब के संगरूर से आए सरदार दिलबाग सिंह, मनप्रीत सिंह, अजीत सिंह और उनके संगत समूह ने गुरबाणी कीर्तन प्रस्तुत कर संगत को निहाल किया. दिल्ली के बांग्ला साहिब गुरुद्वारा से पधारे कथा वाचक सरदार रघुवीर सिंह ने गुरु की वाणी और जीवन की शिक्षाओं पर आधारित प्रवचन देकर संगत को आध्यात्मिक रूप से जोड़ने का कार्य किया. कार्यक्रम में पारबेलिया, चिनाकुड़ी, वर्णपुर, आसनसोल, कुमारधुबी, बराकर, कुल्टी, नियामतपुर, अणाड़ा, रानीगंज, अंडाल, दुर्गापुर आदि क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे.

## मकान मालिक और दुकानदार पर लगा शोषण का आरोप

**कुल्टी (शुभम संदेश)।** दिशा अंतर्गत लक्षीपुर यौनपल्ली में यौनकर्मियों ने मकान मालिक और दुकानदार द्वारा शोषण किए जाने का आरोप लगाते हुए नियामतपुर फाड़ी में लिखित शिकायत दर्ज कराई है. पीड़ितों का आरोप है कि मिथुन और उसकी पत्नी निशा यौनकर्मियों से जबरन पैसे की कटौती करते हैं और विरोध करने पर मारपीट करते हैं. एक पीड़िता ने बताया कि बीती रात जब उन्होंने अपने मेहनत का पूरा पैसा मांगा, तो मारपीट की गई, जिससे वह घायल हो गईं. उन्होंने कहा कि वे जब इस मामले की शिकायत दुर्बार महिला समन्वय समिति में करने पहुंचीं, तब मिथुन और निशा ने वहां भी उनके साथ मारपीट की और उन्हें कार्यालय में बंद कर दिया गया. यौनकर्मियों ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस द्वारा एक निर्दोष ग्राहक को भी बेवजह बैठाया गया है, जो घटना के दौरान बीच-बचाव करने आया था. उन्होंने प्रशासन से सीसीटीवी फुटेज की जांच कर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है और न्याय दिलाने की अपील की है.

# कुल्टी का 12 नंबर लोको ऊपरी पैदल पुल तीन महीने के लिए बंद



**शुभम संदेश। कुल्टी**

आसनसोल रेल मंडल अंतर्गत कुल्टी-बराकर खंड में स्थित 12 नंबर लोको लाइन का ऊपरी पैदल पुल (आरओबी) आगामी तीन महीनों के लिए बंद कर दिया गया है. यह निर्णय पुल की मरम्मत और पुनर्निर्माण कार्य के लिए लिया गया है. रेल प्रशासन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, 01 सितम्बर 2025 से 31 दिसम्बर 2025 तक यह पुल बंद रहेगा. रेलवे सूत्रों के अनुसार, यह पुल सीतारामपुर-धनबाद खंड के कुल्टी और बराकर स्टेशनों के बीच स्थित है. पुल संख्या 11A, जिसे स्थानीय लोग केंदुआ पुल के नाम से जानते हैं, समय के साथ जंग और क्षरण का शिकार हो गया है. इसके चलते रेलवे ने इसकी संरचनात्मक मजबूती के लिए पुनः गर्डरिंग और मरम्मत कार्य शुरू किया है. मरम्मत अवधि के दौरान वाहनों को कुल्टी स्थित निकटतम समपार से डायवर्ट किया गया है, जबकि पैदल यात्री और दोपहिया वाहन पास के वैकल्पिक आरओबी का उपयोग कर सकेंगे. रेलवे ने जनता को होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए कहा है कि यह कार्य जन-सुरक्षा और दीर्घकालिक संरचनात्मक मजबूती के लिए आवश्यक है.

